mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-153 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

05 जून 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



जीत के बाद कोहली...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने शेयर किया पोस्ट,

**यूक्रेन (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच काफी समय से युद्ध जारी है। बीते दिनों दोनों देशों के बीच सीजफायर की संभावना बन रही थी। लेकिन दोबारा रूस द्वारा किए गए हमले के जवाब में यूक्रेन ने ऑपरेशन स्पाइडर वेब लॉन्च कर दिया, जिसमें रूस को काफी नुकसान हुआ है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जानकारी साझा की है। जेलेंस्की ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, रूस द्वारा मारे गए यूक्रेनी बच्चों की याद में आयोजित कार्यक्रम में मैंने मीडिया से बात की। इंस्तांबुल में रूसियों ने हमें एक अल्टीमेटम दिया, ना कि कोई ज्ञापन। शांति के लिए नेताओं की बैठक की आवश्यकता है। मैं आने वाले दिनों में पुतिन के साथ-साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से



मिलने के लिए तैयार हूं। जेलेंस्की ने अपने एक दूसरे पोस्ट में सीजफायर को लेकर कहा कि रूसियों ने बैठक से पहले हमें अपना दस्तावेज नहीं सौंपा। लेकिन उन्होंने बाद में प्रेस में इसे लीक कर दिया। यह वही है जो हमें उनसे मिला है। साथ ही उन्होंने अभी तक हमारे उस दस्तावेज का जवाब नहीं दिया है, जिसें हमने बैठक से पहले पारित किया था। इसके अलावा जेलेंस्की ने इस्तांबुल की बैठक के संबंध में कहा कि दोनों देशों के बीच युद्धबंदियों के आदान-प्रदान के बारे में विचार-विमर्श किया गया था। रूस ने कहा कि वह इस सप्ताहांत में 1000 में से 500 सैनिकों को वापस देगा। इस पर हमारी सहमति बनी थी।

### बिलावल भुट्टो फिर हुए बेइज्जत! विदेशी पत्रकार ने बंद कर दी बोलती

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ जहर उगलना चाहा लेकिन उनकी भद्द पिट गई। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बिलावल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में मुसलमानों को खलनायक की तरह दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत इजरायल से प्रेरणा ले रहा है और प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की कॉपी बनने की कोशिश कर रहे हैं। भारत शांति के रास्ते पर नहीं चल रहा है। बिलावल के इस कथन पर विदेशी पत्रकार ने उनसे कुछ ऐसा पूछ लिया कि वो बगले झांकते नजर आए। बिलावल भुट्टो के झूठ की पोल विदेशी पत्रकार ने खोल दी। पत्रकार ने कहा, भारत के ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग का नेतृत्व एक मुस्लिम अधिकारी ने किया था। इस पर बिलावल भुट्टो कुछ बोल नहीं पाए और सिर हिलाने लगे। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए लिया। सात मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इस ऑपरेशन के बाद सेना की ओर से प्रेस ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने की थी। इस दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी मौजूद थे। इतना ही नहीं, ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए केंद्र सरकार ने जब डेलीगेशन बनाया तो उसमें भी विपक्ष के असदुद्दीन ओवैसी, सलमान खुर्शीद समेत कई मुस्लिम नेताओं को शामिल किया गया।

## रीवा में एक साथ लापता हुईं 4 किशोरियां नरसिंहपुर में मिलीं, जा रही थीं मुंबई



**रीवा (एजेंसी)।** रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र से चार किशोरियां बुधवार को लापता हो गई थीं। पुलिस ने सतना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उन्हें हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन में चढ़ते देखा। बाद में गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की मदद से चारों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। सेमरिया के एक गांव की चार किशोरियां घर से वैवाहिक कार्यक्रम में जाने का बहाना बनाकर निकली थीं। लेकिन वे देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने गांव में तलाश की, लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो उन्होंने थाने में सूचना दी। मामला गंभीर होने पर एएसपी विवेक लाल ने सेमरिया थाना प्रभारी श्रृंगेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई। टीम ने चारों किशोरियों की तस्वीरें लेकर आसपास के रेलवे स्टेशनों पर तलाशी शुरू की। तलाश के दौरान सतना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि चारों किशोरियां हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन में सवार हो रही थीं। पुलिस ने तुरंत ट्रेन की लोकेशन ट्रैक की और गाडरवारा जीआरपी को सूचना दी। रात 9.45 बजे जब ट्रेन नरसिंहपुर के गाडरवारा स्टेशन पर रुकी, तो जीआरपी ने जनरल कोच से चारों किशोरियों को बरामद कर लिया। सूचना मिलते ही सेमरिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और किशोरियों को सकुशल अपने कब्जे में लिया। थाने पर चारों किशोरियों से काउंसलिंग की गई। उन्होंने बताया कि वे मुंबई घूमने और काम की तलाश में जा रही थीं। पुलिस ने मानसिक रूप से समझाइश दी और भविष्य में ऐसा कदम न उठाने की सलाह दी।

**भगदड़ में 11 लोगों की मौत की खबर सामने आई**

## बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुख

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था। इसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई और 11 लोगों की मौत की खबर सामने आई। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा, बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हो जाएं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। वहीं इस मामले में उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, मैंने पुलिस कमिश्नर से बात की और मैं अस्पताल जा रहा हूं। हम सभी से शांत रहने का निवेदन करते हैं। हमने अपने कई कार्यक्रमों में कटौती की है।

**क्यों उतावली हो रही थी भीड़?** दरअसल आईपीएल में 18 साल बाद



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने जीत हासिल की है। इसी जीत की खुशी में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री परेड का आयोजन किया गया था। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ स्टेडियम के बाहर पहुंच गई। हालात ये बन गए कि भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इस भगदड़ में 11 लोगों की जान गई है और कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है।

**राजीव शुक्ला का भी सामने आया बयान:** बेंगलुरू भगदड़ पर BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, ÷उन्होंने(कर्नाटक सरकार) भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए रोड शो बंद किया था। लेकिन यह अनुमान नहीं था कि स्टेडियम के बाहर ऐसा हो जाएगा। राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी को मिलकर डैमेज कंट्रोल करना चाहिए।÷

## बाइक सवार दंपति सड़क हादसे का शिकार, पत्नी की मौत, पति गंभीर



**रीवा (एजेंसी)।** मनगवां से रीवा आ रहे दंपति बेलबा पैकान के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन सहित चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राम बहोर साहू पत्नी रामकली का उपचार कराने बाइक से ग्राम दादरी, मनगवां से रीवा आ रहे थे। जैसे ही ग्राम बिलवा पैकान के पास पहुंचे, तभी फोर व्हीलर वाहन ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दी। टक्कर लगते ही दंपति सड़क पर जा गिरे और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पत्नी रामकली साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बादचालक मौके से फरार हो गया।

## उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**नर्धारित ड्राइंग के अनुसार पूरा करने के निर्देश**



**रीवा (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विकासखंड गंगेव में हिनौती गौधाम में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। हिनौती गौधाम में गौवंश के लिए दो नए शेड तैयार किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने इन दोनों शेडों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हिनौती गौधाम में निर्माण कार्य चरणबद्ध ढंग से कराए जा रहे हैं। इन निर्माणाधीन शेडों के बन जाने से लगभग 500 अतिरिक्त गायों के रहने की व्यवस्था हो जाएगी। अभी तीन निर्मित शेडों में लगभग 700 गायें रह रही हैं। गौधाम में गायों के लिए पानी, चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है। गायों और उनके बछड़ों को पानी पीने के लिए हौज बनाए गए हैं। गायों के खुले में विचरण के लिए भी पर्याप्त स्थान है। गौधाम में विद्युत व्यवस्था बेहतर कराई गई है जिससे पर्याप्त विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि हिनौती गौधाम के निर्माण का पूरा मास्टर प्लान स्थल में प्रदर्शित करें जिससे निर्माणाधीन कार्यों की पूरी जानकारी रहे। उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली सड़क का पूरा लेआउट तैयार करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौधाम में गायों की सेवा अच्छे तरीके से हो। इसके लिए यहां पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती करें। उन्होंने गायों की सेवा करने वाले कर्मचारियों को समक्ष बुलाकर उन्हें मिल रहे पारिश्रमिक आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में बनाए जा रहे गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित इंजीनियर को गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य निर्धारित ड्राइंग के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए।

## रोहिणी में गिरा तीन मंजिला मकान

**मलबे में 4-5 लोगों के फंसे होने की आशंका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 7 में एक मकान के ढहने की वजह से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना के तुरंत बाद आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस की टीम पहुंची और आनन-फानन में फायर टेंडर्स को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद घटनास्थल पर फायर विभाग की टीम पहुंची। इसके बाद पीसीआर ने इस घटना की सूचना एनडीआरएफ कंट्रोल रूम को दी और मौके पर जेसीबी को भी भेजा गया। बता दें कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

घटना स्थल पर मौजूद दिल्ली अग्निशमन सेवा के सहायक मंडल अधिकारी आरके सिन्हा ने बताया, ÷शाम करीब 4÷15 बजे हमें सूचना मिली कि रोहिणी सेक्टर 7 में एक मकान ढह गया है। सभी सरकारी एजेंसियां ??समय पर यहां पहुंच चुकी हैं। तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और मकान के मलबे में 4-5 लोगों के फंसे





होने की आशंका है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब दिल्ली में मकान के ढहने की ऐसी घटना देखने को मिली है। दरअसल पिछले साल अगस्त के महीने में भी इस तरह की घटना देखने को मिली थी, जब दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में एक इमारत ढही थी।

जानकारी के मुताबिक, उस वक्त जो मकान ढही थी वह एक पुराना बैंक्वेट हॉल था, जो जर्जर हालत में था। जिस वक्त मकान ढही, उस वक्त मकान में तीन मजदूर काम कर रहे थे, जो मलबे में दब गए। घटना की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में बचाव कार्य शुरू किया गया। इसके बाद तीनों मजदूरों को रेस्क्यू कर लिया गया और फिर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि इस घटना में दो लोग मामूली रूप से घायल हुए थें, जबकि एक शख्स को ज्यादा चोट लगी थी।

## भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने की सगाई

**लखनऊ में अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से पक्का किया रिश्ता**

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने आज लखनऊ में अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई की है। वंशिका कानपुर की रहने वाली हैं और उनके पिता एलआईसी में काम करते हैं। सगाई समारोह लखनऊ में आयोजित किया गया था, जहां रिंकू सिंह समेत कई क्रिकेटर्स शामिल हुए और उन्हें नई जिंदगी की शुरुआत की बधाई दी। कुलदीप यादव मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव से हैं। उन्होंने काफी मेहनत के बाद क्रिकेट की दुनिया में नाम कमाया है। उन्हें एक उम्दा स्पिनर और क्रिकेटर माना जाता है। वह आलीशान जिंदगी जीते हैं और अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। उनके पास तमाम कारें और बेहतरीन घर भी है। एक छोटे परिवार से शुरू हुई उनकी यात्रा काफी उतार-चढ़ाव से भरी रही है। फिलहाल उन्होंने बचपन की दोस्त से सगाई करके ये साबित कर दिया कि सच्चा प्यार अंत तक कायम रहता है और मंजिल पर भी पहुंचता है।



**इंग्लैंड दौरे पर भी जाएंगे कुलदीप:** कुलदीप यादव IPL में दिल्ली कैपिटल की तरफ से खेल रहे थे और हालही में फ्री हुए हैं। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टीम इंडिया का हिस्सा हैं। 20 जून से इंग्लैंड में टीम इंडिया को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गौरतलब है कि कुलदीप यादव अपनी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं।

**रिंकू सिंह भी करने वाले हैं नए जीवन की शुरुआत:** भारत के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की भी सगाई होने वाली है। उनकी सगाई और शादी की तारीख सामने आ चुकी है। दोनों की सगाई 8 जून को लखनऊ में होगी और शादी इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। रिंकू सिंह की होने वाली पत्नी प्रिया सरोज के पिता सपा विधायक हैं और उनका नाम तूफानी सरोज है। वहीं प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।

## रीवा में प्यार में धोखा खाई युवती ने शराब पीकर मचाया हंगामो

**रीवा (एजेंसी)।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवती ने प्यार में धोखा मिलने के बाद शराब पीकर सड़क पर हंगामा मचा दिया। सुबह से लेकर शाम तक वह शराब के नशे में सड़क किनारे लेटी रही। इस दौरान उसे देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवती एक युवक के साथ वहां आई थी और पास की शराब दुकान से शराब लेकर आई। उसने बोतल से सीधे शराब पी और फिर सड़क किनारे गिर पड़ी। नशे में वह प्रेमी को गालियां देती सुनाई दी। महिला की हालत को देखकर लोगों ने समझा कि वह बीमार या घायल है। सूचना मिलते ही मामला एसपी विवेक सिंह



तक पहुंचा। उन्होंने तत्काल बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती को एक ऑटो में बैठाकर उसके घर छोड़ आई। स्थानीय निवासी सुरेश कुमार ने बताया, ÷पास ही शराब दुकान है, जहां शाम होते ही असामाजिक तत्व जुटते हैं। अगर पुलिस समय पर न पहुंचती तो युवती के साथ कुछ अनहोनी हो सकती थी। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि एक युवती शराब दुकान के पास नशे की हालत में पड़ी है। उसे सुरक्षित घर छोड़ा गया है।

# 'जो भगवान राम, कृष्ण को नहीं मानता वह सच्चा मुसलमान नहीं'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि जो भगवान श्री राम को नहीं मानता है, जो भगवान श्री कृष्ण पर आस्था नहीं रखता है,

**● भाजपा नेता जमाल सिद्दीकी का बयान**

वह सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता है। जमाल सिद्दीकी ने आगे ये भी कहा कि हम भगवान श्री राम के वंशज है और हमें इस बात पर गर्व है। हमें इस बात को नीचे तक पहुंचाना है।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा है कि मुसलमान भगवान राम के वंशज हैं। इंडिया टीवी के साथ बातचीत करते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि जो मुसलमान भगवान राम और कृष्ण को नहीं मानते उन्हें सच्चा मुसलमान नहीं कहा जा सकता। सिद्दीकी ने कहा कि वो बार-बार कहेंगे, सौ बार कहेंगे कि हम राम के वंशज हैं। उन्होंने कहा कि हम अरब से नहीं आए हैं, जो इसको नहीं मानते वो पाकिस्तान चले गये।

मीडिया के साथ बातचीत करते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि सभी मुसलमानों के पूर्वज भगवान राम और कृष्ण हैं। पूजा करने के तरीके भले ही बदल गए हो, लेकिन संस्कृति वही रही है। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि धर्म के नाम पर समाज को बांटना नहीं चाहिए। सिद्दीकी ने आगे कहा कि कई मजारों पर भगवा चढ़ता है। कई जगह पर लंगर चलते हैं उसमें दलिया बनता है, नॉनवेज नहीं बनता। ख्वाजा साहब के मजार पर आज भी भगवा चढ़ता है। ख्वाजा साहब के लंगर ने नॉनवेज बैन किया था।

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि सिर्फ पूजा पद्धति बदली है संस्कृति वही है। साजिश के तहत हमको धर्म के नाम पर बांट दिया गया है, हम एक संस्कृति को मानने वाले लोग हैं। बांटने वालों ने इतना बांटा कि अब कोई भरोसा ही नहीं करता। भारत की जनता का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का मुखिया बनाया। यदि मैंने कांग्रेस के शासनकाल में सच को आइना दिखाया होता तो मेरा सिर कलम कर दिया गया होता।

जमाल सिद्दीकी ने कहा कि यह फक्र की बात है कि भगवान राम और कृष्णा हमारे पूर्वज हैं। हमारी पूजा पद्धति अलग है, हम अलग नहीं है। हम औरंगजेब के औलाद नहीं हैं, हम आक्रांता मुगलों की औलाद नहीं है, हम भगवान श्री राम के वंशज है। आज हम इसलिए सुख रहे हैं क्योंकि पेड़ अपनी जड़ें छोड़ देता है तो वह सूख जाता है। हम खाद पानी डालकर जड़ों को मजबूत करते हैं। हम जिस जड़ से दूर हुए हैं साजिश के तहत हमें दूर किया गया, हमें उन जड़ को फिर से जोड़ने की आवश्यकता है। वह जड़ है भगवान राम, वो है भारतीय संस्कृति। यह सच्चाई है। आप कितनी बार भी बुला लो जो भगवान श्री राम को नहीं मानता है, जो भगवान श्री कृष्णा आस्था नहीं रखता, वह सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव उच्च स्तरीय बैठक 6 को

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। वर्षा पूर्व बाढ़ से बचाव के संबंध में राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक 6 जून 2025 को मुख्य सचिव प्रतिकक्ष में होगी। बैठक में आपदा प्रबंधन के लिए गृह विभाग नोडल विभाग है। बचाव व राहत कार्य की स्थिति में विभाग सेना से समन्वय स्थापित कर कार्य करता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव, गृह, जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास, वन, कृषि उत्पादन, आयुक्त, सहकारिता, ऊर्जा, लोक निर्माण, नगरीय विकास एवं आवास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, महिला एवं बाल विकास, प्रमुख सचिव, वित्त, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशु, आयुष, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य, पुशपालन, खनिज साधन, राजस्व एवं पुर्नवास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सचिव, किसान कल्याण एवं कृषि, जनसंपर्क, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त,ग्वालियर, परिवहन, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम, पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक, नगर सेवा एवं नागरिक सुरक्षा, सचिव, गृह एवं समन्वयक राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कमाण्डेंट 11 बीएन एन.डी.आर.एफ. वाराणसी उत्तरप्रदेश, स्टेशन कमाण्डर, सेना मुख्यालय सब एरिया भोपाल, निदेशक, मौसम विज्ञान(आईएमडी) भोपाल, संचालक, केन्द्रीय जल आयोग भोपाल, स्टेशन डायरेक्ट, आकशवाणी भोपाल, सचिव, भारतीय रेडक्रास सोसायटी भोपाल, डिविजनल, रेलवे मैनेजर, सेंट्रल रेलवे भोपाल, स्टेशन डायरेक्टर, दूरदर्शन भोपाल, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, राज्य सुदूर संवेदन केन्द्र विज्ञान भवन, जल विज्ञान डेटा सेंटर, के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## राज्य स्तरीय 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। स्नूकर खेल प्रोत्साहित करने के लिए 04 से 07 जून 2025 तक राज्य स्तरीय 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन तात्याटोपे स्टेडियम भोपाल में होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के कुल 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा। सबसे ज्यादा ब्रेक लगाने वाले स्नूकर खिलाड़ी को और क्वार्टर फायनल, सेमीफायनल और फायनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को भी नकद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में प्रियंक जायसवाल, उजेर खान, पीयूष कुशवाह, उदित राय, सचिन परिहार, दिव्यांश शुक्ला, सौरभ श्रीवास्तव व प्रतीक जैन जैसे ख्याति प्राप्त खिलाड़ी प्रतिभागिता कर रहे है। प्रतियोगिता संचालन के लिए पंकज नंदनवार चीफ रेफरी रहेंगे। भोपाल में पहली बार युवाओं में स्नूकर खेल को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संचालक खेल और युवा कल्याण श्री राकेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। विश्व के ख्याति प्राप्त खिलाड़ी श्री कमल चावला की देख रेख में प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में सहायक प्रशिक्षक संदीप सिंह होंगे। प्रतियोगिता प्रातः 10:00 बजे तात्याटोपे स्टेडियम के बिलियर्ड स्नूकर हॉल में प्रारंभ होगी।

## एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट चालान की प्रविष्टियां 15 दिवस में कराने की सुविधा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के एनपीएस के अधीन कार्यरत सभी शासकीय सेवक जिनकी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत मिसिंग क्रेडिट चालान की प्रविष्टियां उनके एनएसडीएल पीआरएएन एकाउंट में लंबित है, निराकरण 15 दिवस में करवा सकते हैं। संचालक कोष एवं लेखा डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया है कि एनपीएस के मिसिंग क्रेडिट अंशदान की आहरण एवं संवितरण अधिकारी से समायोजन की कार्यवाही करने के लिये कोषालय स्तर पर चिन्हांकन नहीं हो पा रहा है।

# एम्स भोपाल में बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा हर्बल गार्डन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अब भोपाल के एम्स अस्पताल में सिर्फ एलोपैथी का इलाज ही नहीं, बल्कि हमारी पुरानी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का खजाना भी मिलेगा। एम्स भोपाल और बाबा रामदेव की पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन मिलकर प्रदेश का सबसे बड़ा हर्बल गार्डन बनाने जा रहे हैं। यह सिर्फ पेड़-पौधे लगाने तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यह इलाज के नए और सस्ते तरीके ढूंढने में भी मदद करेगा।

एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि यह हर्बल गार्डन कोई साधारण बगीचा नहीं होगा। इसमें सिर्फ मध्य प्रदेश के ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों और पूरे देश में मिलने वाले उन खास औषधीय पौधों को लगाया जाएगा जो शायद आपने पहले कभी न देखे हों। एम्स का मानना है कि इन पौधों में कई बीमारियों को ठीक करने की ताकत है, जिनके बारे में हम भूलते जा रहे हैं।

डॉ. सिंह के अनुसार प्रदेश में कई ऐसे इलाके हैं जहां बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय रहते हैं। ये समुदाय सदियों से जंगलों और प्रकृति के करीब रहे हैं। इन समुदायों के पास पेड़-पौधों, जड़ों, पत्तियों और छालों से बीमारियों का इलाज करने का बहुत पुराना और गहरा ज्ञान होता है। यह ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक रूप से चलता रहता है। इसे



समृद्ध%इसलिए कहा गया है क्योंकि इस ज्ञान में कई ऐसी जड़ी-बूटियां और उनके इस्तेमाल के तरीके शामिल हैं जिनके बारे में आधुनिक विज्ञान अभी भी पूरी तरह नहीं जानता।

एम्स और पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन की टीमें ऐसे ट्राइबल वैद्य, हकीम या बुजुर्गों से मिलेंगे, जो इस पारंपरिक ज्ञान को जानते हैं। उनकी मदद से पौधों की पहचान करेंगे। जो जड़ी-बूटियां खोजी जाएंगी, उन पर एम्स में वैज्ञानिक रिसर्च की जाएगी। इससे पता चलेगा कि वे कितनी असरदार हैं, उनमें कौन से रासायनिक तत्व हैं। अगर ये पारंपरिक औषधियां वैज्ञानिक रूप से प्रभावी साबित होती हैं, तो उनसे नई, सस्ती और असरदार दवाएं बनाई जा सकेंगी। इससे आम लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज मिल पाएगा।

पहला चरण: आसानी से उगने वाले पौधे: शुरुआत में उन औषधीय पौधों को लगाया जाएगा जिन्हें उगाने के लिए किसी खास इंतजाम (जैसे एसी या खास मिट्टी) की जरूरत नहीं होती। ये पौधे भोपाल के मौसम में आसानी से उग सकेंगे।

दूसरा चरण: मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाकों की खोज: यह चरण सबसे ज्यादा दिलचस्प होगा। एम्स की टीम मध्य प्रदेश के आदिवासी इलाकों में जाएगी, जहां आज भी लोग इलाज के लिए अपनी पुरानी जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करते हैं। इन छुपी हुई औषधियों को तलाशा जाएगा, उनकी पहचान की जाएगी और फिर उन्हें एम्स के हर्बल गार्डन में लगाया जाएगा ताकि उन पर रिसर्च की जा सके। यह हमारी अपनी पारंपरिक दवाओं को दोबारा सामने लाने का एक बड़ा प्रयास होगा।

तीसरा चरण: पहाड़ और देश-विदेश के खास पौधे: आखिरी चरण में उत्तराखंड में मिलने वाले कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण औषधीय पौधों को लगाया जाएगा। इसके साथ ही, देश भर से कुछ %एग्जॉटिक% यानी दुर्लभ और खास जड़ी-बूटियों को भी लाया जाएगा। चूंकि इन पौधों को भोपाल के मौसम में जिंदा रखना मुश्किल हो सकता है, इसलिए, इन्हें खास %आर्टिफिशियल सेटअप% (नकली वातावरण) में रखा जाएगा। जिससे वो बिना समस्या के पनप सकें।

## विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल मैराथन में 250 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों ने की प्रतिभागिता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वर्ल्ड साइकिल डे के अवसर पर तात्याटोपे स्टेडियम भोपाल में सायकिल मैराथन में नन्हें खिलाड़ी, जिला साइकिल संघ के सायकिलिस्ट सहित लगभग 250 से अधिक सायकिलिस्ट ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। विश्व साइकिल दिवस पर प्रतिभागिता कर रहे सभी युवाओं को खेल और युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस आयोजन को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस साइकिल मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संचालक खेल श्री राकेश गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को नियमित रूप से सायकिल चलाकर शरीर को निरोग और फिट रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने नन्हें खिलाड़ियों को साइकिल का महत्व बताया और उन्हें प्रोत्साहित किया। साइकिल मैराथन तात्याटोपे स्टेडियम से प्रारंभ होकर नानके पेट्रोल पम्प चौराहा, रोशनपुरा चौराहा से प्लेटिनम प्लाजा से रंगमहल चौराहा होते हुये वापस तात्याटोपे स्टेडियम में समाप्त हुई। साइकिल मैराथन का नेतृत्व एवरेस्ट फतह करने वाले मध्यप्रदेश के श्री भगवान सिंह कुशवाह ने किया।




## विश्व पर्यावरण दिवस वन नेशन, वन मिशन एण्ड प्लास्टिक पॉल्यूशन पर आधारित होगा: प्रमुख सचिव श्री कोठारी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जायेगा। प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री नवनीत मोहन कोठारी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस वन नेशन, वन मिशन एण्ड प्लास्टिक पॉल्यूशन पर आधारित होगा। श्री कोठारी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समुचित कार्य करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव श्री कोठारी ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। साथ ही एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन



प्रणाली पोर्टल का भी शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा तैयार प्रदेश के वेटलैण्ड्स एटलस का विमोचन किया जायेगा। श्री कोठारी ने बताया कि पीएचडी छात्रवृत्ति एवं मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार का वितरण भी कार्यक्रम में किया जायेगा।

बैठक में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव श्री अच्युदानंद मिश्रा और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खंडवा ने जल संचय में ऐतिहासिक उपलब्धि की हासिल



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जल शक्ति अभियान: कैच द रेन के तहत जल संचय, जन भागीदारी पहल में खंडवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसके अंतर्गत जिले ने 1,29,046 से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण और पंजीकरण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि से जिले में उत्साह की लहर है। जल संरक्षण के लिए नागरिकों ने जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया है।

जल संरक्षण के इन प्रयासों से न केवल भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, बल्कि वर्षा के जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा को मजबूत किया गया है।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि हमारा जिला जल संरक्षण में देश में अव्वल है और यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। हम प्रशासन के साथ मिलकर हर बूंद को संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करेंगे।कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दे दिया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से जनजातीय परिवारों ने समझा बारिश के पानी का महत्व

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। भोपाल जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलो मीटर दूर स्थित जनपद पंचायत फंदा की ग्राम पंचायत कालापानी के ग्राम बोंदाको में निवासरत जनजातीय परिवारों ने जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की है। जनजातीय परिवारों ने बारिश के पानी का महत्व समझा जिसका परिणाम है कि गांव में पहली बार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल के संचयन के लिए 19 खेत तालाब बनाए जा रहे हैं इसमें से 16 निर्माण कार्य प्रारंभ हो गये हैं।

जनपद पंचायत फंदा के गांव बोंदाको में 200 से अधिक जनजातीय परिवार के लोग निवास करते हैं। इन्हें प्रदेश सरकार द्वारा वनाधिकार अधिनियम के तहत गांव में कृषि व निवास के लिए वन भूमि आवंटित की गई है। गांव में पहली बार वनाधिकार पट्टे के तहत मिली जमीन पर मनरेगा योजना में खेत-तालाब बनाए जा रहे हैं। इससे इन जनजातीय परिवारों को दोहरा लाभ मिल रहा है। एक तरफ जहां मनरेगा योजना के तहत रोजगार मिल रहा है, तो वहां दूसरी तरफ खेत-तालाब के बन जाने से इन्हें फसलों की सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

## नर्मदा नदी से लगे ग्रामों में नर्मदा पथ सर्वेक्षण और जागरण यात्रा लगातार जारी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में 30 जून तक चलने वाला जल गंगा संवर्धन अभियान पूरी गति से चल रहा है। अभियान में जन-भागीदारी में पुरुषों के साथ महिलाएँ भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के तालाबों की सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही नर्मदा नदी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा भी लगातार जारी है। जन-सामान्य को पानी के महत्व और उसकी बचत की शपथ दिलायी जा रही है।

अशोकनगर जिले में पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी है। अभियान में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है।



जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत खैरा के ग्राम हंसारी में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया।

इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों के लिये जल संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि गहरीकरण से पानी का भराव क्षेत्रफल और भूमि का जल-स्तर बढ़ेगा। यह तालाब 60 वर्ष पुराना है। तालाब के पानी से किसानों द्वारा फसलों की सिंचाई भी की जाती है। मछुआरों को मछली-पालन के लिये ठेके भी दिये गये हैं। झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जन-भागीदारी के साथ तेज गति से चल रहा है। अभियान में जहाँ एक ओर पुराने कुँए, बावड़ी के जीर्णोद्धार और तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नये अमृत सरोवर और खेत-तालाब बनाने का कार्य हाथ में लिया गया है।

रूफ वॉटर हॉर्वेस्टिंग का कार्य भी बड़े स्तर पर शुरू किया गया है। जिले में 300 ग्राम पंचायतों में गहरीकरण के लिये कुल 585 तालाबों, चेकडेम, स्टॉप डेम एवं अन्य जल संरचनाओं को चिन्हित कर 375 जल संरचनाओं का गहरीकरण कर 58 हजार 941 ट्रेक्टर ट्रॉली से मिट्टी निकालकर 2183 किसानों ने अपने खेतों में डाली है।

# अमरकंटक पावर प्लांट स्विच यार्ड का विस्तार कार्य तय समय-सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने रीवा में अमरकंटक पावर प्लांट के 220 के.व्ही. स्विच यार्ड के विस्तार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चचाई में 660 मेगावॉट की निर्माणाधीन यूनिट से विद्युत निकासी के लिये स्विच यार्ड और ट्रांसमिशन लाइनों की शिफ्टिंग के कार्यों को समय-सीमा, उच्चतम गुणवत्ता और प्राथमिकता से पूर्ण कराने पर जोर दिया। बैठक में विंध्य क्षेत्र में ट्रांसमिशन लाइनों की ट्रिपिंग की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इंजी. श्री तिवारी ने पिछले तीन वर्षों में ट्रिपिंग की घटनाओं में आई उल्लेखनीय कमी को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह मेंटेनेंस स्टाफ की सजगता और दक्षता का परिणाम है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि इसी तरह सतर्कता बनाए रखें, ताकि ट्रिपिंग की घटनाओं को और भी न्यूनतम किया जा सके। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में सतना, रीवा, सिंगरौली में 470 फाल्ट ट्रिपिंग आईं थी, जबकि 2024-25 में इसकी संख्या घटकर 273 रह गई है। प्रबंध संचालक ने कहा कि भविष्य में एम.पी. ट्रांसको के सभी एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों को रिमोट ऑपरेशन पर लाने की योजना है। रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली सहित अन्य सभी सबस्टेशनों को रिमोट ऑपरेशन के अनुरूप तैयार किये जाने की जरूरत है। उन्होंने यार्ड फेंसिंग जैसे सुरक्षा उपायों को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन कंपनी के सभी सबस्टेशनों को डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सिस्टम से पूर्ण रूप से आइसोलेट किया जाए ताकि रिमोट ऑपरेशन की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। श्री तिवारी ने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कंपनी के सभी कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर्स का मेंटेनेंस बिना किसी भेदभाव के समान रूप से किया जाए, जिससे सभी को संतोषजनक आवासीय सुविधाएँ प्राप्त हों।

बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने विंध्य क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय तकनीकी और प्रबंधकीय दृष्टि से कई जटिल चुनौतियाँ लेकर आएगा, जिनका सामना प्रो-एक्टिव सोच, नवाचार, और टीम भावना के साथ करना होगा। उन्होंने ट्रांसको की नई पीढ़ी से सकारात्मक और बहुआयामी कार्यशैली अपनाने का आह्वान किया। समीक्षा बैठक में जबलपुर मुख्यालय से मुख्य एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता तथा विंध्य क्षेत्र के लगभग 40 सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं ने भाग लिया।

## ई.एफ.ए. विद्यालयों में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी पाठ्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में शासकीय एजुकेशन फॉर ऑल (ई.एफ.ए.) विद्यालयों में बच्चों को आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी (ए.आई) आधारित शिक्षा देने के लिये मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड और माइक्रोसॉफ्ट ने एमओयू किया है। वर्तमान में 53 चयनित शासकीय ई.एफ.ए. विद्यालयों पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी का पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी सिखाने में सहायक हो रहा है। इस पाठ्यक्रम से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है। विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहा है। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में कक्षा 8वीं से 12वीं तक प्रारंभ किया गया है। इसकी कुल अवधि 240 घंटे की है। पिछले वर्ष कक्षा 9वीं में 1013, कक्षा 10वीं में 694 और कक्षा 11वीं में 266 विद्यार्थियों को एआई तकनीक की शिक्षा दी गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 2020 में विद्यालयों में एआई तकनीक का विद्यार्थियों के बीच में बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया गया है। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित ईएफए विद्यालयों में समय-समय पर विभिन्न सॉफ्टवेयर कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्सी पाठ्यक्रम में पायथन लैंग्वेज भी शामिल है जिससे विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग का भी प्रशिक्षण दिलाये जाने की व्यवस्था है। पायथन लैंग्वेज एक लोकप्रिय और बहुमुखी प्रोग्रामिंग भाषा है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए किया जाता है, जैसे कि वेब डेवलपमेंट, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट। यह एक हाई-लेवल, व्याख्यात्मक भाषा है, जिसका मतलब है कि इसे कंपाइल करने की आवश्यकता नहीं है और इसे सीधे इंटरप्रेटर द्वारा पूरा किया जा सकता है।

## भोपाल में कोरोना पॉजिटिव पहला मरीज मिला

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में साल 2025 का पहला कोरोना का मामला सामने आया है। मंगलवार शाम 7:17 बजे 42 वर्षीय महिला की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वर्तमान में मरीज निजी अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती है। जानकारी के अनुसार महिला लगातार बुखार और गले में खराश के लक्षणों के साथ परामर्श के लिए ओपीडी में पहुंची थी इसके साथ ही प्रदेश में इस साल कोरोना के अब तक 31 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मा के मुताबिक, ओपीडी में आने वाले 15 से 20 फीसदी मरीजों में कोविड जैसे लक्षण दिख रहे हैं। इन्हें मास्क पहनने की सलाह दी जाती है, लेकिन उनमें से सिर्फ एक-दो मरीज ही अगली बार फॉलोअप पर मास्क लगाकर आते हैं। हमीदिया अस्पताल के नाक, कान और गला विशेषज्ञ डॉक्टर यशवीर जेके बताते हैं कि गले के इन्फेक्शन के मरीज बढ़ रहे हैं। ये आम बात है जब गर्मी के बाद बारिश जैसा मौसम होता है। इस बीमारी की शुरुआत गले में खराश और दर्द से होती है। अगर समय पर इलाज नहीं हुआ तो गले की समस्या बढ़ जाती है और बोलने में भी तकलीफ होती है।

## वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत सीधी में आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वूमेन फॉर ट्री अभियान के अमृत मिशन एवं एनयूएलएम के तहत नगर पालिका परिषद सीधी के सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर दिनांक 5 जून से दिनांक 31 अगस्त 2025 तक होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान के तहत स्व सहायता समूह के सदस्यों को पौधरोपण के संबंध में एवं आगामी समय में पौधों के देखरख हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी सीएमओ सीधी/अमृत नोडल नगर पालिका सीधी बी. के.तिवारी, हार्टिकल्चर विशेषज्ञ सीधी प्रकाशचंद्र शुक्ला, स्वच्छता अधिकारी गौरव सिंह, सीएमएम संदीप मिश्रा, मनोज चौबे सीओ दिलीप विश्वकर्मा सहित अमृत मित्र एवं स्व सहायता समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को एकीकृत खेती की दी गई सलाह





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को एकीकृत खेती अपनाने की सलाह दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान में छठवें दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैंकिन विकासखंड में बघवार, नैंकिन, अगडाल, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड में लौआ, पतुलखी, बहरी एवं तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में पोंडी, लुरघुटी तथा ददरी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषक संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि एकीकृत खेती एक ऐसी कृषि प्रणाली हैं जिसमें फसल उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन और अन्य कृषि गतिविधियों को एक साथ जोड़ा जाता है ताकि संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो और उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। इसमें खेत के अपशिष्ट जैसे गोबर और फसल अवशेषों का उपयोग जैविक खाद या बायोगैस उत्पादन के लिए किया जाता है, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। उदाहरण के लिए पशुओं का गोबर खाद के रूप में खेतों में उपयोग होता है और फसलों के अवशेष पशुओं के चारे के रूप में काम आते हैं। यह प्रणाली लागत को कम करती है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है और किसानों को विविध आय स्रोत प्रदान करके उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करती है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गुरुवार को पहले दल द्वारा रामपुर नैंकिन विकासखंड में तितिरा शुक्लान, मढ़ा, झाला, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड में चंदवाही, तरका, खोंचीपुर एवं तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में हर्दी, कुन्दौर तथा खैरी में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।


## अमर ज्योति ने करवाया 843 वाँ नेत्रदान



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** वरिष्ठ समाजसेवी श्री हरि प्रसाद चौरसिया जी की धर्मपत्नी एवं विजय,अजय,सुभाष की पूज्यनीय माता श्रीमती श्रीमती चंद्रा चौरसिया जी का विगत दिवस स्वर्गवास हो गया निधन उपरांत परिजन आशीष चौरसिया के आग्रह पर पूज्य माताश्री का सतगुरु की तकनीकी टीम द्वारा नेत्रदान कराया गया।

अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा निश्चित रूप से श्री मती चौरसिया जी के इस नेत्रदान से दो अंधकारमय जीवन रोशन होंगे नेत्र प्राप्त करने वाले नेत्रहीन आजीवन परिवार को दुवाए देंगे अमर ज्योति के सदस्य विनोद गेलानी ने बताया संस्था द्वारा यह 843 वां नेत्रदान करवाया इसके पूर्व 842 नेत्रदान हो चुके हैं समिति के मार्गदर्शक योगेश ताम्रकार,संयोजक मनोहर डिगवानी ,ज्ञान खटवानी,मनीष टेकवानी,धीरज टंडन,बलराम गुनानी सहित सभी सदस्यों ने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों के प्रति साधुवाद प्रेषित किया है।

## आकाश बनर्जी जी ने किया 3 लाख प्लेटलेट्स डोनेट



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी के अनुरोध पर युवा समाजसेवी एवं संस्था के सहयोगी आकाश बनर्जी जी ने बिरला अस्पताल में भर्ती जरूरत मंद को प्लेटलेटस की जरूरत पड़ने पर आकाश ने 60 हजार प्लेटलेटस डोनेट कर मानवता की सेवा की। उल्लेखनीय है आकाश बनर्जी इसके पूर्व 2,40000 प्लेटलेट्स डोनेट कर चुके हैं ।

संस्था के मीडिया प्रभारी अमित कामरानी में बताया संस्था पिछले कई वर्षों से निरंतर सर्व समाज को रक्त की सेवा प्रदान कर रही है एवं अभी तक संस्था द्वारा 6619 यूनिट रक्तदान एवं 36 यूनिट प्लेटलेटस डोनेट करवा चुकी है।प्लेटलेटस डोनेट करवाने में श्री मनमोहन माहेश्वरी जी एवं विभाष बनर्जी जी डॉ आलोक जी का विशेष सहयोग रहा।

श्री बनर्जी जी के प्लेटलेट्स डोनेट करने पर संस्था के संरक्षक श्री गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी,श्रीचंद शीतलानी, राजेश कोटवानी राजकुमार साधवानी मनीष टेकवानी पंकज आहूजा महेश जानवानी मनीष सदानी बंटी भोजवानी मनोज सुखदानी सहयोगी मनमोहन माहेश्वरी, विभाष बनर्जी आशीष मोगिया बसंत शर्मा निक्की मनचंदानी विशाल राजपाल विकास सुखेजा संजय आहूजा महिला मंडल से मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉक्टर मनीषा सोई आर्य खिलवानी मुस्कान चंदानी सिमरन होतचंदानी निशा गोयल रशिम जैन आभा सिंह कशिश नागदेव जया खंडेलवाल ने आकाश को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरकारी स्कूलों में सीसीएलई गतिविधियों को दिया जायेगा बढ़ावा

### विद्यार्थियों के लिये 21वीं शताब्दी के कौशल अर्जित करने पर जोर

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में कन्टीन्यूअस एण्ड कॉम्प्रेंसिव ईवेल्युएशन (सीसीएलई) गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों के लिये 21वीं शताब्दी के कौशल अर्जित करने पर जोर दिया गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में सीसीएलई कार्यक्रम अर्थात सतत् एवं व्यापक अधिगम एवं मूल्यांकन कार्यर₹ म के रूप में संचालित कर रहा है।

सीसीएलई गतिविधियों के अंतर्गत प्रति सप्ताह होने वाले लेखन कौशल, वक्तव्य कौशल, प्रश्नोत्तरी कौशल, दृश्य और प्रदर्शन कला पर केन्द्रित गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में मदद करती हैं। नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ग्रीष्म अवकाश के बाद बाल सभा प्रत्येक शनिवार को पूर्वानुसार प्रथम 3 कालखण्ड में संचालित होगी। वर्ष 2024-25 में सीसीएलई गतिविधियों की राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग के लिये विमर्श पोर्टल पर मॉड्यूल निर्माण किया गया था।

**369 सांदीपनि विद्यालयों का संचालन**

प्रदेश में वर्तमान में 369 सर्वसुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में यह विद्यालय सीएम राइज स्कूल के नाम से जाने जाते थे। वर्ष 2025 में 150 नये सांदीपनि विद्यालय संचालित होंगे। प्रदेश में सरकारी स्कूलों को सर्वसुविधा सम्पन्न कर विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंद दायक शिक्षा प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से पहले चरण में 276 सांदीपनि विद्यालय शुरू किये गये थे।

सांदीपनि विद्यालयों में उत्कृष्ट भवन एवं अधोसंरचना विकसित किये जाने का कार्य निरंतर प्रगतिशील है। इन विद्यालयों में निकटस्त 10 से 15 किलोमीटर की दूरी के विद्यार्थियों को स्कूल में लाने के लिये परिवहन व्यवस्था भी प्रारंभ की गई है।

## रोजगार मेले में 114 लोगों का किया गया चयन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज एवं जिला प्रबंधक आजीविका मिशन श्री पुष्पेन्द्र सिंह के निर्देशन में आजीविका मिशन मझौली प्रज्ञा भवन में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में अदानी कंपनी के द्वारा ट्रक ड्राइवर की भर्ती की गई जिसमें से 135 लोगों ने प्रतिभागिता निभाई उसमें से 114 लोगों का सिलेक्शन अदानी कंपनी में किया गया। उक्त लोगों को रोजगार के अवसर प्रशिक्षण उपरांत सिंगरौली जिले कोल माइंस में प्रथम रूप से इनका प्रशिक्षण किया जाएगा उसके बाद इन्हें नौकरी पर रखा जाएगा इन्हें प्रति माह 22450 रुपए की राशि अदानी कंपनी के द्वारा भुगतान किया जाएगा।

कार्यकम में मुख्य रूप से कृष्ण लाल प्यासी जिला पंचायत सदस्य, दशरथ सिंह तहसीलदार, आशीष मिश्रा नायब तहसीलदार, देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक आजीविका मिशन,मैनेजर अडानी अवनीश यादव, लवणीय शर्मा, सहायक विकासखंड प्रबंधक अरुण गौतम, कार्यालय सहायक सुनील यादव सहयोगी शिवलाल कुशवाहा के साथ-साथ अविनाश यादव एवं नवनीत मिश्रा अदानी कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संपादन आजीविका मिशन मझौली प्रबंधक चंद्रकांत सिंह के द्वारा किया गया।

## भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सतत पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्वर्गीय विजय सिंह मेमोरियल ट्रेनिंग, रिसर्च एवं पुनर्वास संस्थान, रीवा (म.प्र.) में भारतीय पुनर्वास परिषद , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय न्यास के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक दिव्यांगता एवं बहु दिव्यांगता से संबंधित बच्चों हेतु तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जून से किया गया। यह प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आज वृहद रुप से किया गया। जिसमे कार्यक्रम का विषय रहा "बौद्धिक दिव्यांग एवं बहू दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की चिकित्सा अनुसूची "।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त रीवा कमिश्नर बी.के. जामोद जी एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीतू माथुर एडिशनल कमिश्नर उपस्थिति रही माँ सरस्वती की वंदना एवं माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों एवं पुनर्वास विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर रीवा मुख्य अतिथि के रूप में कमिश्नर बी.के. जामोद जी एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीतू माथुर एडिशनल कमिश्नर उपस्थिति रही । कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति में , श्रीमती रानी सिंह (संस्थापिका), श्री अजय सिंह (अध्यक्ष), श्री संजय सिंह ,श्रीमती दीप्ति सिंह परिहार (संचालिका)दिवाकर सिंह सिकरवार (नैदानिक मनोचिकित्सक) डा विभा श्रीवास्तव (प्राचार्या ), डॉ.महेंद्र मानी द्विवेदी,श्री रमेश कुमार त्रिपाठी(प्राचार्या),श्री संजय दुबे (सामाजिक कार्यकर्ता),श्री अनिरुद्ध यादव (रिसोर्स पर्सन),हैं डॉ. दिलीप दीपंकर (फिजियोथैरेपिस्ट), श्री केके शर्मा जी रिसोर्स पर्सन श्री राकेश मिश्रा जी रिसोर्स पर्सन एवं श्री कृपा शंकर वर्मा (इंटरपीटर )डॉ.के.एस. मिश्रा (प्रोफेसर),अनिता विश्वकर्मा (प्राचार्या)श्रीमती आरती पटेल तथा विशेष शिक्षिकाएं श्रीमती नीता रजक,वैशाली श्रीवास्तव (रिसोर्स पर्सन)साधना पांडे,पूनम मिश्रा एवं रंजना सिंह ललिता,केदार कुश्वहा ,राजेश परिहार ,निशा उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया

यह कार्यक्रम पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों को अद्यतन जानकारी देने एवं दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्नत चिकित्सा एवं पुनर्वास तकनीकों को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन भारतीय पुनर्वास परिषद की गाइडलाइन के अनुसार किया जा रहा है जिसमें विषय विशेषज्ञों (रिसोर्स पर्सन) द्वारा क्रमशः निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निर्धारित किए गए विषय को रिसोर्स पर्सन द्वारा पार्टिसिपेंट्स को बताया जाता है और कार्यक्रम के अंतिम समय में आधे घंटे के समय में सभी प्रतिभागियों से प्रश्नावली के माध्यम से उनका असेसमेंट एवं मूल्यांकन किया जाता है जो कि RCI की गाइडलाइन के अनुसार निश्चित है कि सभी पार्टिसिपेंट्स को प्रश्नावली के अंतर्गत 70% प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा,तभी उनको CRE का पॉइंट प्रदान किया जाएगा अन्यथा उनको उपस्थित तो दर्ज की जाएगी किंतु उन्हें भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा एक दिन का 6 CRE पॉइंट जो दिया जाता है अगर वह 70% प्राप्त नहीं करते तो उन्हें CRE का पॉइंट नहीं प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं विशेष शिक्षकों विषय विशेषज्ञों एवं अन्य कार्यरत कर्मचारियों को संस्थान द्वारा सुबह का नाश्ता दोपहर का भोजन एवं लच तथा चाय की उत्तम व्यवस्था तीनों दिन संस्थान द्वारा किया गया था ,कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती अनिता विश्वकर्मा ने किया। एवं आभार व्यक्त संस्था के अध्यक्ष श्री अजय सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 6 जून को रोजगार कार्यालय में

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय सतना द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 6 जून को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय राजेन्द्र नगर गली नम्बर 12-13 सतना में रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

रोजगार मेले में कंपनी देवा इंटरप्राइजेज में मल्टीपर्पस, मदरशन सूमि में मशीन आपरेटर, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड में मशीन आपरेटर एवं एसलपाईस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड में हेल्थ एडवाईजर के पद के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन, आईटीआई, डिप्लोमा उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए आकाश श्रीवास्तव मो. 7879908555 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## समग्र लिंकिंग का प्रतिशत 90 से कम होने पर रूकेगा वेतन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला सीधी मुकेश तिवारी ने जानकारी देकर बताया है कि आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कोषालय से संबद्ध समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का आईएफएमआईएस अंतर्गत इम्लाई प्रोफाइल का समग्र से सत्यापन एवं आधार से लिंक किये जाने हेतु निरंतर निर्देशित किया जा रहा है।

इसके बाद भी सीधी जिले में समस्त डी.डी.ओ. में लगभग 85 प्रतिशत ईएसएस, समग्र, आधार लिंक हो सका है जो म.प्र. में सर्वाधिक निचले क्रम पर है।उन्होने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को लेख किया है कि आप अपने डीडीओ लॉगिन का उपयोग करते हुए ईएसएस में समग्र डैसबोर्ड का अवलोकन कर शेष सभी कर्मचारियों का ईएसएस, समग्र, आधार लिंकिंग की कार्यवाही आगामी 20.06.2025 तक यथा संभव शत-प्रतिशत पूर्ण करावें। उक्त दिनांक के पश्चात जिन डीडीओ के समग्र लिंकिंग का 90 प्रतिशत से कम होगा उनके माह जून 2025 के वेतन देयक पारितीकरण नहीं किये जावेंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित डी.डी.ओ. शाखा प्रभारी लिपिक की होगी।

## कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं महिला बाल विकास की संयुक्त योजनाओं, कार्यर₹ मों की समीक्षा की। जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विकासखण्ड और जिला स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी निचले स्तर तक संवाद बनाये रखते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मानीटरिंग करें। महिला बाल विकास के सभी आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषण आहार वितरण एवं संदर्भ सेवाओं की निरंतर मानीटरिंग कर पोषण ट्रेकर पर आधार सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र पूरी करें तथा पोषण ट्रेकर की इंन्ट्रिया अपडेट रखे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुचित्रा अग्रवाल, जिला कार्यर₹ म अधिकारी राजेन्द्र बांगरे सहित सीडीपीओ, सभी बीएमओ, जिला प्रबंधक, ब्लाक प्रबंधक, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के सुपरवाइजर्स भी उपस्थित रहे। कलेक्टर मैहर ने जिले में स्वास्थ्य विभाग का इन्फ्रास्ट्रकचर और स्वास्थ्य सूचकांकों की जानकारी ली। एएनसी रजिस्ट्रेशन और संस्थागत डिलीवरी में गत वर्ष की तुलना में ₹ मश 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की गिरावट आने पर कारणों की जानकारी ली। उन्होंने अमरपाटन और रामनगर के बीपीएम को मानीटरिंग नहीं करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अमरपाटन के स्वास्थ्य सुपरवाइजर मुकुंदपुर और रामनगर के सरिया के सुपरवाइजर द्वारा आंकडे संकलित कर पोर्टल में फीड नहीं कराने पर एक इन्क्रीमेंट रोकने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने तीन विकासखण्ड वाले छोटे से जिले में मानीटरिंग नहीं कर पाने पर डीपीएम को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में रामनगर और अमरपाटन में फालोअप नहीं होने पर बीपीएम के प्रति असंतोष जाहिर किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती माताओं का फालोअप कराये। टीकाकरण की समीक्षा में रूबेला एमआर-1 और एमआर-2 के बीच 2 प्रतिशत का गैप मिलने पर कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण के लिए मोबेलाइजेशन करें और आशा के माध्यम से ट्रेकिंग कर हर बच्चे को टीकाकरण कराये। बताया गया कि सम्पूर्ण टीकाकरण में 80 प्रतिशत बच्चे कवर किये गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुनिश्चित करे कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे।

पोषण पुर्नवास केन्द्र की समीक्षा में बताया गया कि 30 सीटों के विरूद्ध 120 के स्थान पर 107 बच्चों की पूर्ति की गई है। इनमें रामनगर में 22, अमरपाटन 56 और मैहर में 29 बच्चों को प्रवेश दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक सुपरवाइजर को रोस्टर अनुसार 5-5 बच्चों को भर्ती कराने का लक्ष्य दिया गया था। बताया गया कि रामनगर में पोर्टल पर बच्चों की इन्ट्री नहीं करने से 22 बच्चे ही प्रदर्शित हो रहे हैं। कलेक्टर ने पोर्टल पर सही इन्ट्री नहीं करने पर रेखा सिंह का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि बारिश का सीजन शुरू हो रहा है। कुयें, हैण्डपम्प एवं पेयजल स्त्रोतों का ब्लीचिंग और क्लोरीनेशन कराये। गत वर्ष की तरह उल्टी-दस्त की बीमारी की घटना होने पर इस बार कठोर कार्यवाही की जायेगी। संर₹ ामक और जल जनित बीमारियों की पूर्व सूचना का एडवांस पोर्टल अपडेट रखे।

सीएमएचओ ने बताया कि सभी गर्भवती माताओं का हेपेटाइटिस बी का टेस्ट किया जा रहा है। सभी बीएमओ के पास टेस्ट के लिए किट दी गई है। बैठक में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, टीबी उन्मूलन, परिवार कल्याण कार्यर₹ म, एनसीडी स्क्रीनिंग की भी समीक्षा की गई। महिला बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा में कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्र की सेवाओं में गुणात्मक सुधार और कुपोषण दूर करने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर सतत रूप से आंगनवाडी केन्द्रों का भ्रमण करें और निरीक्षण में पाई जाने वाली कमियों को दूर करायें।


**कार्यालय नगर परिषद् मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)**

क्रमांक/1585/e-tendering/NP/2025 मऊगंज, दिनांक 02.06.2025

**//ई-निविदा सूचना - प्रथम आमंत्रण //**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद मऊगंज में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्रियों/कार्यो की आपूर्ति हेतु दरों की आवश्यकता है। जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ कंसल्टेंसी /आपूर्ति कर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | आपूर्ति मद/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_428493_1 दिनांक- 03.06.2025 | टेन्ट सामग्री किराये पर लगाने हेतु | 18.00 लाख | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 1. 2000/- 2. 13500/- | 03.07.2025 |
| 2. | 2025_UAD_428494_1 दिनांक- 03.06.2025 | फ्लेक्स बोर्ड & बैनर प्रिंटिंग एवं आपूर्ति | 18.00 लाख | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 1. 2000/- 2. 13500/- | 03.07.2025 |
| 3. | 2025_UAD_428495_1 दिनांक- 03.06.2025 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत आई.ई.सी. बी.सी. गतिविधि आयोजन, फील्ड प्रिपरेशन, तकनीकी सहयोग, सतत स्वच्छता, नागरिक सहभागिता एवं समस्त दस्तावेजीकरण कार्य | 19.00 लाख | स्वच्छ सर्वेक्षण, ODF++, GFC STAR RATING 2025 का परिणाम घोषित होने तक | 1. 2000/- 2. 14250/- | 03.07.2025 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मऊगंज
जिला- मऊगंज ( म.प्र. )

## विचार

### डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला-भारत को नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है। ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे। लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

# राम मंदिर के स्वर्ण शिखर की आभा से आलोकित हुआ राष्ट्र

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण विश्व में रचने-बसने वाले सनातनियों की शताब्दियों की प्रतीक्षा, संयम, धैर्य, अनुशासन और आस्था का प्रतीक है। यह राम नहीं, राष्ट्र मंदिर है। विरोधी भले ही सनातन और राम मंदिर का विरोध करते रहें लेकिन करोड़ों सनातनियों के हृदय में उनके आराध्य भगवान श्रीराम रचते-बसते हैं। भगवान राम के मंदिर को वह अपना पूजा स्थल ही नहीं, बल्कि उसे अपना सबसे बड़ा तीर्थ मानते हैं। मुय मंदिर यानी अपनी जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर के भूतल में कोटि-कोटि भक्तों के आराध्य रामलला तो पहले से ही प्रतिष्ठित हैं, अब आगामी पांच जून को इसी मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी 6 मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इनमें गणेश, भगवान शिव, देवी भगवती, हनुमान जी, भगवान सूर्य, देवी अन्नपूर्णा और शेष अवतार के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।**



यह आयोजन अयोध्या के धार्मिक इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ने जा रहा है। त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 5 जून को गंगा दशहरा के पावन पर्व के दिन पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। श्रीराम दरबार प्रतिष्ठित होने के साथ रामलाल से राजाराम तक की यात्रा पूर्ण होगी। इसी बीच राम जन्मभूमि मंदिर के शिखरों पर सोने की परत चढ़ाने का कार्य हो रहा है। यह कार्य मंदिर की भव्यता में चार चांद लगाएगा।

राम राष्ट्र की संस्कृति है, राम राष्ट्र के प्राण है, राम के मंदिर का मतलब भारत का नवनिर्माण है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से प्राप्त हुआ है, जिसका 550 सालों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरजिंत इतिहास शामिल है। अनगिनत आन्दोलनों के बाद अंततः 22 जनवरी 2024 के दिन हिन्दू समाज को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को जन्म भूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में पुनर्स्थापित करने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य यजमान बनकर मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की। यह दिन भारत की आस्था, अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव की पुनर्स्थापना का दिन के तौर पर अंकित है।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए गोरक्षपीठ की 3 पीढ़ियों का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वर्तमान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस गोरखनाथ मठ के महंत हैं, उसी से अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन की शुरुआत हुई थी। योगी जी के गुरु महंत अवेद्यनाथ 12 सितंबर 2014 को ब्रह्मलीन हुए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ के पास मंदिर आंदोलन के दौरान दो सबसे अधिक अहम पदों राम जन्म भूमि यज्ञ समिति और राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष था। ये दायित्व इस बात का प्रमाण है कि आजादी के आंदोलन के बाद देश की राजनीति की दशा और दिशा बदलने वाले राम मंदिर आंदोलन में उनका क्या कद था? महंत अवैद्यनाथ के गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ थे। योगी आदित्यनाथ भी इस आंदोलन को मुखरता प्रदान करते रहे हैं। वो कहते रहे हैं कि 'राम मंदिर चुनावी मुद्दा नहीं...मेरे लिए जीवन का मिशन है'। 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। विशेष बात यह है कि 5 जून को मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है।

हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्री राम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। लेकिन आजादी से लेकर आजतक कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। वर्ष 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। वर्तमान में, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करने से बाज नहीं आते।

स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि, राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, शताब्दियों का संघर्ष अब अयोध्या में प्रत्यक्ष साकार रूप में फलीभूत होता दर्शित हो रहा है। भारत के कण-कण में राम हैं। राम मंदिर में राम दरबार के साथ परकोटे के बाकी 6 मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की सुप्त आत्मा को जागृत करने का काम करेगी। राम मंदिर के निर्माण से सशक्त राष्ट्र का निर्माण होने वाला है। भारत की जय जयकार दुनिया में हो रही है। यह वास्तव में भारत की सुप्त आत्मा है। यही भारत को दुनिया के अंदर सर्वशक्तिशाली बनायेगी।

भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में जो रामभक्ति है वहीं राष्ट्रभक्ति है। राजनीति तोड़ने का कार्य करती है, धर्म जोड़ता है। राम मंदिर ने देश को जोड़ दिया है। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिन्दूर में हमारे सैनिकों ने जिस पराक्रम का प्रदर्शन किया है उससे न केवल शत्रु बल्कि पूरी दुनिया अचम्भित है। ये बढ़ते हुए सशक्त भारत की एक झलक मात्र है।

राष्ट्रीय अस्मिता और अखण्डता भी अयोध्या से जुड़ी है। श्रीराम मंदिर केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं है, इसके साथ भावी सामाजिक संरचना की संकल्पना भी जुड़ी है। व्यक्ति और राष्ट्र का चरित्र निर्माण, कालसापेक्ष किन्तु कालातीत दर्शन और दृष्टि का सृजन बीज राम मंदिर निर्माण और उसकी भव्यता में निहित है। राम मंदिर का दूसरा पहलू राष्ट्र मंदिर के रूप में स्थापित है और इस भावना के अनुरूप यह परिसर आस्था के साथ राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय एकता और समाज निर्माण के प्रति भी महनीय भूमिका का निर्वहन करने को तैयार है।

विश्वभर में रचने और बसने वाले हिन्दू धर्मावलम्बी राम मंदिर की दूसरी प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 5 जून की तिथि विश्व इतिहास में सदा के लिए अमर रहेगी। श्रीराम मंदिर के शिखर की स्वर्णिम आभा से सम्पूर्ण विश्व में सुख, समृद्धि, शांति, सद्भावना और सहिष्णुता का प्रकाश फैले और भारत फिर एक बार विश्व गुरु के तौर पर स्थापित हो, यही कामना है।

# वैश्विक विस्मृति के शिकार तियानमेन चौक के शहीद

**राकेश सैन**

वर्तमान युग लोकतंत्र का है, इस प्रणाली की लाख खामियों के बावजूद आधुनिक दुनिया अपने आप को लोकतांत्रिक व्यवस्था कहलवाना पसंद करती है। यहां तक कि मजहबी राजनीतिक व्यवस्था वाले देश भी अपने नाम में किसी न किसी तरह लोकतंत्र शब्द को शामिल करके स्वयं को प्रगतिशील साबित करने का प्रयास करते हैं। पर आश्चर्य की बात है कि लोहावरणवादी कम्युनिस्ट व्यवस्था को जबरन ढो रही चीन की जनता ने आज से चार दशक पहले लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाई तो उसे टैंकों ने रौंद दिया और आज लोकतांत्रिक वैश्विक समाज उस घटना को लगभग भूल सा गया लगता है। दरअसल 4 जून, 1989 में चीन के बीजिंग का तियानमेन चौक बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का केन्द्र बना, जिसे चीन के कम्युनिस्ट शासकों ने बुरी तरह कुचल दिया।

इसकी पृष्ठभूमि में जाएं तो पता चलता है कि 1980 के दशक में चीन बड़े बदलावों से गुजर रहा था। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने कुछ निजी कंपनियों और विदेशी निवेश को अनुमति देना शुरू कर दिया। चीनी नेता डेंग जियाओपिंग को इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने और लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठने की आशा थी। इस कदम से राजनीतिक खुलेपन की उम्मीद भी जगी, लेकिन उस समय कम्युनिस्ट पार्टी दो भागों में बंट गई। एक वर्ग वो जो तीव्र परिवर्तन की मांग कर रहा था, तथा दूसरा वो कठोर राज्य नियंत्रण बनाए रखना चाहता था। इस दौरान छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें भाग लेने वालों में वे लोग शामिल थे जो विदेश में रह चुके थे और नए विचारों तथा उच्च जीवन स्तर से परिचित थे। 1989 में अधिक राजनीतिक स्वतंत्रता की मांग के साथ विरोध प्रदर्शन बढ़ गये। प्रदर्शनकारियों को एक प्रमुख राजनीतिज्ञ हू याओबांग से प्रोत्साहन मिला, जिन्होंने कुछ आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तनों की देखरेख की। दो वर्ष पहले राजनीतिक विरोधियों ने उन्हें पार्टी के शीर्ष पद से हटा दिया था। अप्रैल में हू की मौत हो गई, उनके अंतिम संस्कार के दिन हजारों लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अधिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा कम सेंसरशिप की मांग की। अगले सप्ताहों में, प्रदर्शनकारी तियानमेन चौक पर एकत्र हुए, जिनकी अनुमानित संख्या दस लाख तक थी। तत्कालीक कम्युनिस्ट व्यवस्था ने इस दौरान न केवल हजारों निर्दोष नागरिकों, विशेषकर छात्रों और श्रमिकों का निर्मम दमन किया गया, बल्कि करोड़ों चीनी नागरिकों के मौलिक संवैधानिक अधिकारों को भी रौंद दिया। 3-4 जून की रात, चीन की जनमुक्ति सेना ने बख्तरबंद टैंकों और हथियारों से छात्रों पर हमला किया। हजारों की संख्या में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी गई। यह भयावह घटना इतिहास में चार जून की घटना या तियानमेन नरसंहार के नाम से दर्ज है जो



आज भी चीन में एक वर्जित विषय बना हुआ है। घटना वाले दिन बीजिंग की सडकों पर वह भयावह मंजर शुरू हुआ। चीनी सेना ने राजधानी में प्रवेश कर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार 35-36 लोग मारे गए। लेकिन यह तो केवल शुरुआत थी। 4 जून की सुबह करीब 4 बजे, जब तियानमेन चौक पर हजारों की संख्या में निहत्थे छात्र, नागरिक, बच्चे और बुजुर्ग शांतिपूर्वक लोकतंत्र और पारदर्शिता की मांग को लेकर एकत्र थे, तब कम्युनिस्ट सरकार ने क्रूरतम रूप का प्रदर्शन किया। सरकार ने न सिर्फ टैंक और हथियारबंद जवानों को तियानमेन चौक पर भेजा, बल्कि लड़ाकू विमानों तक की तैनाती की। बिना किसी चेतावनी के गोलियां बरसाई गईं। निर्दोष लोगों को कुचला गया, दौड़ते बच्चों को निशाना बनाया गया, और चौक को रक्तरंजित कर दिया गया। यह कार्रवाई सिर्फ एक नरसंहार नहीं बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की भावना पर एक संगठित, राज्य-प्रायोजित प्रहार था। बीजिंग की सडकों पर मानव रक्त की नदियाँ बह रही थीं। यह कोई युद्ध का मैदान नहीं था, बल्कि एक शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रदर्शन के खिलाफ राज्य द्वारा चलाया गया सुनियोजित नरसंहार था। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने छात्रों और नागरिकों की शांतिपूर्ण मांगों का उत्तर टैंकों और गोलियों से दिया। रात के अंधेरे में बीजिंग की सडकों पर टैंक गर्जना करने लगे और कुछ ही घंटों में लगभग 10,000 निर्दोष लोगों की जानें चली गईं। चीनी सरकार अनुसार, दो सौ लोग मरे और तीन हजार घायल हुए। तियानमेन नरसंहार को लेकर वर्षों तक चीन सरकार ने मृत्यु संख्या को लेकर पूर्ण गोपनीयता बनाए रखी, लेकिन समय के साथ कुछ अंतर्राष्ट्रीय दस्तावेज सामने आए, जिन्होंने इस भयावह घटना की असली तस्वीर उजागर की। चीन में तत्कालीन ब्रिटिश राजदूत एलन डॉनल्ड ने 1989 में लंदन भेजे अपने एक गोपनीय टेलीग्राम में स्पष्ट रूप से कहा था कि इस सैन्य कार्रवाई में कम से कम 10,000 लोगों की मृत्यु हुई। यह टेलीग्राम घटना के 28 वर्षों बाद सार्वजनिक हुआ। हांगकांग बैप्टिस्ट विश्वविद्यालय में चीनी इतिहास, भाषा और संस्कृति के विशेषज्ञ ज्यां पिए कबेस्टन ने भी इस टेलीग्राम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'ब्रिटिश राजनयिकों द्वारा भेजे गए आँकड़े हैं और इन्हें खारिज नहीं किया जा सकता।'

## भीषण गर्मी में राहत पीएचई विभाग कर रहा हैंडपंपों की मरम्मत



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में जून की भीषण गर्मी और जल संकट के इस दौर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हैंडपंपों के संधारण और मरम्मत का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। गर्मियों की तीव्र धूप और जल की बढ़ती मांग को देखते हुए विभाग ने जिले के विभिन्न गांवों में खराब और बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिला के विकासखंड भरतपुर स्थित ग्राम डोम्हरा, माड़ीसरई, जानुवा, भरतपुर, भगवानपुर, में स्थित हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू किया गया। विभाग के कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा पुनः प्राप्त हो सकी, जिससे गर्मी के इस कठिन समय में बड़ी राहत मिली है। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन ग्रामीण जनता की आवश्यकताओं के प्रति सजग और तत्पर है।

# निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत रुझानों को साझा करने की प्रक्रिया को किया जाएगा उन्नत

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग अब एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली की शुरुआत कर रहा है, जिससे अनुमानित मतदान प्रतिशत रुझानों पर समयबद्ध अद्यतन प्रदान किए जा सके। यह नई प्रक्रिया पुराने मैनुअल रिपोर्टिंग तरीकों से जुड़ी समय की देरी को काफी हद तक कम कर देगी।



यह पहल आयोग की समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार कई अवसरों पर जोर दे चुके हैं। 1961 के निर्वाचन नियमों के अंतर्गत नियम 49 के तहत, पीठासीन अधिकारी PRO) को मतदान समाप्ति के बाद मतदान केंद्र पर उपस्थित उम्मीदवारों द्वारा नामित मतदान एजेंटों को फॉर्म 17c में दर्ज मतों का विवरण देना आवश्यक होता है।

यह कानूनी आवश्यकता यथावत बनी रहेगी, लेकिन VTR ऐप को अद्यतन करने की प्रक्रिया, जो अब तक एक सहायक, गैर-संवैधानिक तंत्र के रूप में विकसित हुई थी, को तेज करने के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है। इस नई पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में ECINET ऐप में मतदान प्रतिशत दर्ज करेंगे ताकि मतदान रुझानों के अद्यतन करने में लगने वाले समय में कमी आएगी।

यह जानकारी स्वतः निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संकलित की जाएगी। मतदान प्रतिशत के अनुमानित रुझान पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होते रहेंगे। विशेष रूप से, मतदान समाप्त होने के बाद PRO अब मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ECINET ऐप में मतदान डेटा दर्ज करेंगे, जिससे देरी में कमी आएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मतदान समाप्ति के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार अनुमानित प्रतिशत अद्यतन VTR ऐप पर नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध होने की स्थिति में उपलब्ध हो। जहां मोबाइल नेटवर्क अनुपलब्ध है, वहाँ डेटा ऑफलाइन दर्ज किया जा सकता है और कनेक्टिविटी बहाल होने पर सिंक किया जा सकता है। यह अद्यतन VTR ऐप बिहार चुनावों से पहले ECINET का एक अभिन्न अंग बन जाएगा।

पूर्व में मतदान प्रतिशत डेटा सेक्टर अधिकारियों द्वारा मैन्युअल रूप से एकत्र किया जाता था और फोन कॉल, एसएमएस या मैसेजिंग ऐप के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारियों को भेजा जाता था। इस जानकारी को हर दो घंटे में संकलित करके VTR ऐप पर अपलोड किया जाता था। प्रायः मतदान प्रतिशत रुझानों को देर रात या अगले दिन फिजिकल रिकॉर्ड मिलने के बाद अपडेट किया जाता था, जिससे 4-5 घंटे या उससे अधिक की देरी होती थी, जिससे कुछ लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती थी।

## रीवा/सतना की खबरें

### मुख्यमंत्री का गंगेव पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक दिवसीय प्रवास पर रीवा के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव पहुंचे। गंगेव पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी का हेलीपैड पर कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल ने भी स्वागत किया।

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा महिला प्राथमिक बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित वार्ड नं. 29 रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एम.एल. साकेत तथा दुर्गा महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. वार्ड क्रमांक 22 रीवा उप अंकेक्षक शिवम अहिरवार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### संभाग स्तरीय नजूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक 9 जून को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बी एस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निवर्तन समिति की बैठक आहूत की गई है। कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.30 बजे से आयोजित बैठक में रीवा एवं सिंगरौली जिले के प्रस्तुत भूमि निवर्तन संबंधी प्रकरणों पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर रीवा एवं सिंगरौली, अपर आयुक्त, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश तथा जिला पंजीयन रीवा उपस्थित रहेंगे।

### शासकीय आईटीआई में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रीवा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से एक जून से प्रारंभ हो चुका है। प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं चॉइस फिलिंग हेतु आवेदन संभागीय आईटीआई रीवा में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 222.स्रह्यस्र.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### शांति समिति की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ईदुज्जुहा त्योंहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से जिला सलाहकार शांति समिति की बैठक 5 जून को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। संयुक्त कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### विंध्य क्षेत्र के हर घर में होगी गंगाजल की आरती आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर गंगाजल की पवित्रता और महानता की पूजा-अर्चना करने आज 05 जून को विंध्यक्षेत्र के हर हिन्दू घर में गंगाजल की आरती करने हिन्दू धर्म परिषद ने सभी धर्म प्रेरक सनातनी परिवारों का आवहान किया है। गंगाजल ना होने पर किसी भी पवित्र जल की आरती कर लाखो-करोड़ो कंठो की प्यास बुझाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित करने का अवसर है। जिसमें शामिल होकर गंगाजल देने वाली गंगा माता से सदैव अपनी कृपा बरसाने का अनुरोध किया जा सकता है। यह बात परिषद के संयोजक सुमित माँजवानी ने रखी है। हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी की प्रेरणा से सहमत हिन्दुओ को शामिल होकर लाभ उठाने का महान अवसर है। जिसमें परिषद के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी भाग लेगे। सौभाग्य से 05 जून को ही विश्व पर्यावरण दिवस है और गंगा दशहरा को समस्त धरती को हरा-भरा बनाने के लिये जाना जाता है। जल के बिना सब सूना है सब जानते है। हिन्दू धर्म परिषद के आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, रामसखा यादव के साथ संरक्षक मंडल के डॉ0 सी.बी.शुक्ला, डॉ0 के.के. परौहा, डॉ0 ज्योति सिंह, डॉ0 नरेश बजाज, डी.पी.सिंह परिहार, अवधेश श्रीवास्तव, विजय मोहन तिवारी, डॉ0 विनोद तिवारी, बी.के.निर्मला, बी.के.प्रकाश, अविराज, शिव कुशवाहा, उमेश सेन एवं वरिष्ठ शाखा अध्यक्ष डॉ0 प्रवीरचंद दुबे, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 गीता शुक्ला गीत, युवा शाखा अध्यक्ष विकास सेन आर्यन, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, संजय सेन आदि ने समूचे हिन्दू समाज को भाग लेने का आग्रह किया है।

### अल्प आय वर्ग गृह निर्माण सोसायटी रीवा ने रतहरी तालाब और रोड को भी धन्ना सेठो के हाथ बिक्री कर दिया: चोटीवाला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसान यूनियन (टिकैट) के मध्यप्रदेश के प्रवक्ता एवं समाज सेवी विश्वनाथ चोटीवाला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला कलेक्टर रीवा के माध्यम से प्रदेश सरकार को आगाह किया जा रहा है कि उक्त अल्प आय वर्ग सोसायटी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने रतहरी स्थित तालाब खसरा नं0 217/1 तालाब का भीटा जिससे आम नागरिको को रास्ता चलता था जिसमें नक्शे में भी रोड दर्ज थी और शासकीय तालाब का पट्टा कराने वाले गयाचरण वाजपेयी रतहरी रीवा ने भी अल्प आय वर्ग सोसायटी के तत्कालीन अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा की रजिस्ट्री मे भी रास्ता दर्ज करा कर बिक्री किया था किन्तु सोसायटी ने रास्ता को भी प्लाटिग में शामिल कर कई धन्ना सेठो को बिक्री कर दिये जिसमें दो मंजिला आलीशान भवन नगर निगम की मंजूरी के बिना बन गए है जो अवैध कालोनी में दर्ज होकर वैधानिक कार्यवाही होनी चाहिए थी परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। रतहरी तालाब का खसरा नं0 218 दोनो का रकवा 08 एकड़ जिसमें 2012 तक लबा लब पानी भरा रहता था जिसकी पुष्टि तत्कालीन कलेक्टर प्रीती मैथिल ने भी प्रमाणित किया था इसके बावजूद भी पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष पहले कांग्रेस की कृपा से तालाब को बेचा इसके बाद भ्रष्टाचार की वासिंग मशीन से पवित्रता प्रदर्शित करने हेतु विकास तिवारी जनपद अध्यक्ष गंगेव ने उक्क्त तालाब और भीटा से चलने वाली पुस्तैनी रोड को वासिंग मशीन के द्वारा साफ कराके हजम कर गए, कोई जिला प्रशासन एन.जी.टी. के आदेश तक का पालन नही करा पाया जबकि उक्त तालाब को बचाने के लिए म0प्र0 शासन की चिता बना कर कई दिनो तक आन्दोलन भी किया जा चुका है आज तक न तो रास्ता खोलाया गया और न ही उक्त भ्रष्टाचारियों को सत्तापक्ष की वासिग मशीन से भी नही निकाला गया उसी मशीन में पड़े हुए है।

# तकनीकी शिक्षा संस्थानों में पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया 11 जून से प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए बड़ी खबर है। राज्य के तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया की घोषणा कर दी है।

डिप्लोमा इंजीनियरिंग, डिप्लोमा फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सहित कई कोर्सों के लिए यह प्रक्रिया 11 जून से प्रारंभ होगी। प्रवेश की यह संपूर्ण प्रक्रिया छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश नियम 2023 के तहत होगी। विद्यार्थियों को किसी भी चरण में केवल ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होगा और इसके लिए उन्हें https:@@cgdte.admissions.nic.in वेबसाइट पर पंजीयन करना होगा। किसी भी स्थिति में ऑफलाइन या हार्ड कॉपी फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन काउंसलिंग तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के लिए पंजीयन 11 जून से शुरू होगा, जो 15 जून 2025 की रात 11:59 बजे तक चलेगा।

इसके बाद 17 जून को मेरिट सूची जारी की जाएगी, और 18 जून तक विद्यार्थी दावा-आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। प्रथम चरण का आवंटन परिणाम 20 जून को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा, जिसके आधार पर 21 जून से 24 जून तक प्रवेश की प्रक्रिया चलेगी। प्रथम चरण के बाद यदि कुछ सीटें शेष रहती हैं, तो द्वितीय और तृतीय चरण की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण का पंजीयन 26 जून से 29 जून तक होगा और परिणाम 4 जुलाई को घोषित किया जाएगा।

तृतीय चरण के लिए पंजीयन 10 जुलाई से 13 जुलाई तक चलेगा और 18 जुलाई को परिणाम आने के बाद 19 से 22 जुलाई के बीच विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। वर्तमान सत्र में प्रथम सेमेस्टर में सिविल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी चरण में प्रवेश न लेने पर विद्यार्थी को अगले चरण में पुनः पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

विद्यार्थियों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी भ्रम से बचने के लिए समय-सीमा का पूरी तरह से पालन करें और केवल अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही आवेदन करें। यदि विद्यार्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे संचालनालय के हेल्पलाइन नंबर 0771-2221376 पर संपर्क कर सकते हैं या फिर ईमेल के माध्यम से cgdtecounselling@gmail.com पर अपनी समस्या भेज सकते हैं।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज चिरमिरी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक चिरमिरी में सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थीऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। वर्तमान सत्र में प्रथम सेमेस्टर में सिविल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

प्रवेश प्रक्रिया की तिथियां निम्नानुसार है- प्रथम चरण पंजीयन 11 से 15 जून एवं प्रवेश 21 से 25 जून, द्वितीय चरण पंजीयन 26 से 29 जून एवं प्रवेश 05 जुलाई से 8 जुलाई तथा तृतीय चरण पंजीयन 10 से 13 जुलाई एवं 19 से 22 जुलाई तक प्रवेश दिया जायेगा। संस्थान में बालक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9009059197, 9641124873 पर सम्पर्क कर सकते है। जिसका पता आईटीआई प्रथम तल चिताझोड़-पोड़ी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर है।

## जनकपुर में फर्जी डिग्री इंस्टिट्यूट की शिकायत होने पर संस्था सील




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के नगर पंचायत जनकपुर में संचालित डॉ.भीमराव अंबेडकर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के नाम पर बीसीए/एमसीए/पीजीडीसीए डिग्री देने वाली फर्जी संस्था का खुलासा हुआ है। इस संबंध में श्री सुनील पांडे द्वारा जिला कलेक्टर को की गई शिकायत के आधार पर एसडीएम भरतपुर के द्वारा की गई जांच में उक्त संस्था गैर मान्यता प्राप्त और फर्जी पाई गई। जांच के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान को तत्काल सील कर दिया है। बताया गया है कि यह फर्जी संस्था पिछले एक वर्ष से संचालन में थी, जिसका संचालन प्रदीप कुमार वर्मा पिता मथुरा प्रसाद द्वारा किया जा रहा था। संचालक ने रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, महर्षि दयानन्द कंप्यूटर साक्षरता संस्थान, एशियाई इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाओं से मान्यता प्राप्त डिग्री देने का झूठा दावा करते हुए फर्जीवाड़ा किया। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार भरतपुर द्वारा भरतपुर के कोटाडोल तिराहा के निकट स्थित इस फर्जी केंद्र का बोर्ड उतरवाकर संस्थान को सील कर दिया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

### त्रुटि सुधार हेतु 10 जून तक कर सकते है दावा-आपत्ति

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यह परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था। अब इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है और इसे अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर आज 4 जून 2025 को अपलोड कर दिया गया है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह केवल परीक्षा परिणाम है, जबकि मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। वेबसाइट पर अपलोड किए गए परीक्षा परिणाम में प्रत्येक अभ्यर्थी से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नाम एवं रोल नंबर का ध्यानपूर्वक मिलान कर लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति प्रतीत होती है, तो संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में सीधे रूप से प्रस्तुत कर सकते है ।

साथ ही किसी भी प्रकार के डाक या ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा।

# अंबिकापुर देश का पहला जीरो-डंपसाइट शहर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने अंबिकापुर को वायु प्रदूषण नियंत्रण का आदर्श मॉडल बताया है। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत जारी की गई है, जिसमें अंबिकापुर के ठोस कचरा प्रबंधन मॉडल की विशेष सराहना की गई है।



दरअसल, अंबिकापुर नगर निगम ने कचरे के प्रबंधन में देशभर के लिए एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है। पहले जहां कचरे के डंपिंग यार्ड में परिवहन पर हर महीने 45 लाख रुपए खर्च होते थे, वहीं अब वह पूरी तरह बंद हो गया है। यही नहीं निगम को डंप साइट हटाने से उसी कचरे से अब 12 लाख रुपए और यूजर चार्ज से 16 लाख रुपए कुल मिलाकर 28 लाख रुपए मासिक आमदनी हो रही है।

इस बदलाव के बाद शहर में प्रतिदिन एकत्र होने वाले प्लास्टिक कचरे को निगम तीन बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियों के साथ अनुबंध कर सप्लाई कर रहा है। इसके अलावा, प्लास्टिक कचरा खिलौना निर्माण इकाइयों को भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अंबिकापुर का प्लास्टिक वेस्ट बलौदाबाजार, सतना जैसे शहरों में भेजा जा रहा है। यह नवाचार न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कदम है, बल्कि इससे आर्थिक लाभ भी हो रहा है।

सीएसई ने देश के 100 से अधिक शहरों के सर्वे के बाद अंबिकापुर को स्वच्छता में बेहतर बताते हुए रिपोर्ट पब्लिश की है। रिपोर्ट में कहा है कि अंबिकापुर अब भारत का पहला जीरो-डंपसाइट शहर बन चुका है। यह उपलब्धि केवल स्वच्छता के क्षेत्र में नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर है।

एक समय था जब अंबिकापुर की सड़कों पर कचरे के ढेर और जलती डंप साइट्स आम नजारा हुआ करता था। लेकिन आज, यही शहर स्वच्छता और प्लास्टिक प्रबंधन के क्षेत्र में एक राष्ट्रीय आदर्श बन चुका है। निगम अंबिकापुर ने ठोस और प्लास्टिक कचरे के कुशल प्रबंधन से न सिर्फ पर्यावरण को सुरक्षित किया है, बल्कि आर्थिक लाभ भी कमाया है।

15 एकड़ में फैली पुरानी डंप साइट को 'स्वच्छता चेतना पार्क' में बदलना निगम की बड़ी उपलब्धि है। यह पार्क अब स्वच्छता और पर्यावरण शिक्षा का केंद्र है, जहां हरियाली, शौचालय, प्रदर्शनी केंद्र और एफिल टावर जैसे सेल्फी पाइंट बनाए गए हैं। इसके अलावा, कचरा उठाने के लिए डीजल वाहनों के स्थान पर बैटरी चालित रिक्शा और हाथ गाड़ियों का प्रयोग किया जा रहा है।

# अंबिकापुर के व्यवसायी से रायगढ़ के ट्रांसपोर्टर ने की धोखाधड़ी; मोबाइल बंद कर फरार

### कोल ट्रेडिंग दिलाने का झांसा देकर 1.20 करोड़ की ठगी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** अंबिकापुर के व्यवसायी युवक को कोल ट्रेडिंग का काम दिलाने का झांसा देकर रायगढ़ के युवक ने एक करोड़ 20 लाख रुपए की ठगी कर ली। काम नहीं मिलने पर व्यवसायी ने अपने पैसे वापस मांगे तो ठगी करने वाले युवक ने खनिज रायल्टी जमा करने के बाद पैसे मिलने का झांसा देकर 10 लाख रुपए और ले लिए। युवक के गारंटी के रूप में दिए गए सभी चेक बाउंस हो गए। मामले में गांधीनगर पुलिस ने धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर के श्री सांई इंटरप्राइजेज फर्म के संचालक नमनाकला निवासी गुरसिमरन सिंह बाबरा को मई 2024 में रायगढ़ निवासी युग गोयल ने कोल ट्रेडिंग का काम दिलाने का झांसा दिया। युग गोयल इंद्रप्रस्थ सॉल्यूशन का संचालक है और कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। युग गोयल ने बताया कि कोल ट्रेडिंग का काम दिलाने का झांसा दिया।

**सिक्योरिटी मनी जमा करने के नाम पर ली राशि**

युग अग्रवाल ने कोल ट्रेडिंग के काम के लिए सिक्योरिटी मनी जमा करने का हवाला दिया और 24 जून 2024 से 18 अगस्त 2024 तक किश्तों में अपने खाते में राशि ट्रांसफर कराई और 9 लाख 20 हजार रुपए नकद ले लिया। गुरसिमरन सिंह बाबरा ने कुल एक करोड़ 20 लाख रुपए युग अग्रवाल को दिया। युग अग्रवाल ने कोल ट्रेडिंग का काम सितंबर 2024 में दिलाने का आश्वासन दिया। बाद में उसने कहा कि कोल ट्रेडर्स और



फैक्ट्रियों से काम नहीं जम पाया है और वह ली गई राशि वापस कर देगा।गुरसिमरन सिंह बाबरा ने राशि वापस मांगी तो युग अग्रवाल ने बताया कि उसने राशि अपने ट्रांसपोर्टिंग के काम में लगा दिया है, किश्तों में पैसे वापस कर देगा। युग गोयल ने कई चेक रकम वापस करने के लिए दिए।

**चेक बाउंस हुआ तो 10 लाख और ठगे**

युग अग्रवाल के दिए गए सभी चेक बाउंस हो गए तो गुरसिमरन सिंह बाबरा ने युग अग्रवाल को नोटिस भेजा। युग अग्रवाल ने बताया कि उसके ट्रांसपोर्टिंग का पैसा कंपनियों में बकाया है। पेमेंट प्राप्त होने पर वह अपने दिए हुए चेक के एवज में भुगतान कर देगा। 12 मार्च 2025 को युग गोयल अंबिकापुर आया और कई बिल, बैलेंस सीट और करोड़ों रुपए का डीओ दिखाया और भरोसा दिया कि उसका पेमेंट फंसा है। कुछ क्लीयरेंस खनिज विभाग से रायल्टी के संबंध में कराना है। इसके लिए खनिज विभाग में रायल्टी जमा कर एनओसी लेने के बाद उसे बिल का भुगतान हो जाएगा। उसे 10 लाख रुपए की जरूरत है।

अपनी फंसी रकम वापस होने की उम्मीद में गुरसिमरन सिंह बाबरा ने उसे 10 लाख रुपए नगद दे दिया। उसने 10 लाख नगद के एवज में एक गारंटी पत्र लिखकर दिया और दो चेक भी दिया। 25 मार्च 2025 को गुरसिमरन सिंह बाबरा ने चेक बैंक में लगाया तो उक्त दोनों चेक बाउंस हो गए।

**मोबाइल बंद कर फरार हुआ ट्रांसपोर्टर**

चेक बाउंस होने के बाद युग अग्रवाल अपना मोबाइल बंद कर घर से गायब हो गया। गुरसिमरन सिंह बाबरा ने इसकी रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने युग अग्रवाल के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मनेंद्रगढ़ के जंगलों में अवैध कटाई और तस्करी

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़ वनमंडल में वृक्षों की अवैध कटाई और वनोपज की तस्करी का मामला सामने आया है। पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि कुंवारपुर, बहरासी और बिहारपुर क्षेत्र में वनमंडलाधिकारी और वन परिक्षेत्राधिकारी की मिलीभगत से बाहरी वन माफिया सक्रिय हैं। ये माफिया कीमती प्रजाति के वृक्षों की अवैध कटाई कर रहे हैं। राजस्व क्षेत्रों में भी आदिवासियों की जमीन पर लगे कीमती वृक्षों को कम दाम में खरीदा जा रहा है। इन वृक्षों को उत्तर प्रदेश और बिहार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। पूर्व विधायक ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रति प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर और वन मंत्री को भी भेजी है।

# दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं - मुयमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं। राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए शासकीय नौकरियों (सीधी भर्ती) में अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सरकार की भावना सर्वे भवन्तु सुखिनः रही है। दिव्यांगजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनकी परेशानियां दूर करने के लिए सरकार सदैव तत्पर है। प्रधानमंत्री




श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांग शब्द प्रदान करने से समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर ने पृथ्वी पर हमारे जन्म की रचना की है। परमात्मा ने जरूरतमंदों के लिए कुछ बेहतर पुण्य कर्म करने का अवसर भी दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सकुरात, स्वामी रामभद्राचार्य, सुप्रसिद्ध संगीतकार श्री रविंद्र जैन का उदाहरण देते हुए कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया

## केदारनाथ-बद्रीनाथ में भारी बारिश-बर्फबारी, पत्थर गिरने से रास्ते ब्लॉक

नई दिल्ली (एजेंसी)। नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में पिछले दो हफ्तों से भारी बारिश लगातार जारी है। बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण लाखों लोग प्रभावित हैं। सिक्किम के लाचेन में मंगलवार को भारतीय सेना ने विदेशी नागरिकों सहित 30 टूरिस्ट को एयरलिफ्ट करके रेस्क्यू किया। 83 लोग अब भी फंसे हैं। 6 लोग लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। मिजोरम में सरकार ने टूरिस्ट्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से 13 जून तक राज्य में आने से बचने की अपील की गई है। राज्य में 24 मई से तेज बारिश जारी है। तब से 3 जून तक, 11 दिनों में मिजोरम में 626 लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। असम में मंगलवार को बाढ़ से 6 और लोगों की मौत हो गई। यहां लैंडस्लाइड-बाढ़ में मरने वालों आंकड़ा 17 पहुंच गया है। राज्य के 21 जिले के 6.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में 1.64 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 35 हजार से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 4 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बीते 4 दिन में 100 से ज्यादा लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। नगालैंड को मणिपुर से जोड़ने वाला एनएच-2 का 50 मीटर का हिस्सा धंस गया है।

## पोस्टर वॉर, कांग्रेस ने मोदी-ट्रप का फोटो जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। कांग्रेस ने मंगलवार देर रात पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत का पोस्टर जारी किया। इसमें ट्रम्प मोदी को सरेंडर होने को कहते हैं, जवाब में मोदी जी हजूर कह रहे हैं। कांग्रेस ने लिखा, नरेंदर सरेंडर नहीं होना था। वहीं, इसके जवाब में भाजपा की ओर से असम सरकार में मंत्री अशोक सिंघल ने भी देर रात 11 बजे राहुल गांधी का एक्स पर पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में राहुल गांधी की फोटो को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ लगाया गया है। मुनीर राहुल के गले में निशान-ए-पाकिस्तान पहना रहे हैं। इसके साथ ही वन एजेंडा, वन ड्रीम यानी एक एजेंडा, एक सपना लिखा है। इससे पहले 20 मई को भी भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक पोस्टर में राहुल का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया था।

## ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान देने भुज में बनेगा सिंदूर वन

भुज(एजेंसी)। कच्छ जिले में गुजरात सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान देने के लिए अहम घोषणा की है। भुज शहर के पास 20 एकड़ में सिंदूर वन बनाया जाएगा। यह वन पीएम मोदी की हाल ही में हुई सभा वाली जगह पर बनाया जाएगा। इस वन में पर्यटक एस-400, आईएनएस विक्रांत, राफेल की प्रतिकृतियां देख सकेंगे। गुजरात सरकार से मिली जानकारी के अनुसार यह सिंदूर वन वर्ष 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा।

## पंजाब का एक और यूट्यूबर जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जसबीर सिंह रूपनगर के महलां गांव का रहने वाला है और उसके यूट्यूब चैनल जान महल पर 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। वह 3 बार पाकिस्तान जा चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह आईएसआई एजेंट शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के संपर्क में था। साथ ही हरियाणा से गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा और पाकिस्तानी उच्चायोग से निष्कासित अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी कॉन्टैक्ट में था।

## चार राज्यों में अक्टूबर 2026 से जातीय जनगणना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार दो फेज में जातीय जनगणना कराएगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पहले फेज की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने अपने प्रेस रिलीज में बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ जनसंख्या जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है। इससे जुड़ा नोटिफिकेशन 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में पब्लिश किया जा सकता है। केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था।

## ऑपरेशन सिंदूर- संजय झा और शिंदे का डेलिगेशन लौटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जेडी (यू) सांसद संजय झा और शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाला डेलिगेशन बुधवार को भारत लौट आया। संजय झा के साथ 8 अन्य सदस्य पांच देशों के दौरे पर गए थे। इनमें इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया, जापान और सिंगापुर शामिल है। वहीं, शिंदे के साथ सात अन्य सदस्य 4 देश यूएई, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन की यात्रा पर थे। मंगलवार को भाजपा सांसद बैजयंत पांडा और डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले डेलिगेशन लौटे थे।

बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले ग्रुप में सांसद असदुद्दीन ओवैसी समेत सात अन्य सदस्य हैं। इन्होंने चार देशों सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा किया था। वहीं, कनिमोझी के नेतृत्व वाले ग्रुप में स्क्र सांसद राजीव राय समेत सात अन्य सदस्य हैं। इन्होंने रूस, स्पेन सहित 5 देशों का दौरा किया।

बाकी 3 डेलिगेशन 8 जून तक विदेश दौरे से वापसी करेंगे। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर का मकसद दुनिया को बताने के लिए सभी पार्टियों के कुल 59 सांसदों को 33 देशों में भेजा है। इन सांसदों के सात डेलिगेशन ग्रुप्स अलग-अलग देशों के दौरे पर हैं।

## सीजेआई बोले- कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना कर सकते हैं

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना हो सकती है, लेकिन किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। न्यायाधीशों को किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहना चाहिए।



सीजेआई ने कहा- 1993 से पहले भारत में जजों की नियुक्ति का अंतिम फैसला सरकार के पास होता था और इस दौरान दो बार ऐसा हुआ जब सरकार ने सीनियर जजों को नजरअंदाज कर किसी और को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। वहीं, उन्होंने रिटायर जजों के चुनाव लड़ने पर भी सवाल किया।

सीजेआई गवई लंदन में च सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित राउंड-टेबल में बोल रहे थे। इस चर्चा में भारत से जस्टिस विक्रम नाथ और यूके की सुप्रीम कोर्ट की जज बैरोनेस कार और जज जॉर्ज लेगैट भी शामिल हुए।

गवई ने कहा कि 1964 में जस्टिस सैयद जाफर इमाम को खराब स्वास्थ्य के चलते मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाया गया और उनकी जगह पी.बी. गजेन्द्र गडकर को नियुक्त किया गया।

## कोरोना का नया वैरिएंट 27 राज्यों में फैला

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को ही 300 नए केस मिले। सबसे ज्यादा गुजरात में 108 और महाराष्ट्र में 86 मामले सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केसों की संख्या 4302 पहुंच गई है। कोरोना 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से फैल चुका है। हालांकि 9 राज्यों में अब तक एक भी मामला नहीं है। सबसे ज्यादा 1373 एक्टिव केस केरल में हैं। वहीं महाराष्ट्र 510 केसों के साथ दूसरे नंबर है। कोरोना के नए वैरिएंट्स से देश में जनवरी से अब तक 44 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 37 मरीजों की मौत बीते 5 दिन में हुई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को 4 मरीजों ने जान गई है। राज्य में मरने वाला की संख्या 14 पहुंच गई है। इसके अलावा बीते दिन दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु में भी 1-1 मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कोरोना का पहला मामला सामने आया। इसके बाद राज्य सरकार ने देर रात एडवाइजरी जारी कर सभी हॉस्पिटल में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। वहीं केरल सरकार ने नई गाइडलाइन के तहत सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को मॉक ड्रिल कराने का आदेश दिया है। केरल में सर्दी-जुकाम और बुखार होने पर कोविड टेस्ट अनिवार्य देश में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस केरल राज्य में हैं।


## पटना में लैंडिंग से पहले फ्लाइट में बम की सूचना

पटना (एजेंसी)। पटना में इंडिगो की फ्लाइट में बुधवार को बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। अहमदाबाद से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 921 में बम की सूचना मिली। फ्लाइट की पटना एयरपोर्ट पर लैंडिंग से 8 मिनट पहले इंडिगो के स्टेशन मैनेजर को वॉट्सऐप पर विमान में बम होने का मैसेज मिला। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई।

विमान के लैंड करने के बाद फ्लाइट और पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की चेकिंग की गई। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया। सूत्रों के अनुसार, दोपहर 12-45 बजे इंडिगो के स्टेशन मैनेजर को वॉट्सऐप पर फ्लाइट में बम होने की बात कही गई। विमान को दोपहर 12-53 बजे पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में कुल 195 यात्री सवार थे।



## कोर्ट ने केजरीवाल का पासपोर्ट रिन्यू करने की परमिशन दी



नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पासपोर्ट को 10 साल के लिए रिन्यू करने की परमिशन दे दी। कोर्ट ने कहा- अप्लिकेन्ट विदेश जाने की परमिशन नहीं मांग रहा, इसलिए पासपोर्ट रिन्यूअल करने में कोई आपत्ति नहीं है। इस फैसले का असर पासपोर्ट अथॉरिटी के विवेकाधिकार पर नहीं पड़ेगा। दिल्ली शराब नीति मामले में जांच कर रही ईडी और सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के पासपोर्ट को 10 साल के लिए रिन्यू करने पर आपत्ति जताई थी।

## इलॉन मस्क के पिता कुर्ता-पायजामा में अयोध्या पहुंचे

**अयोध्या ( एजेंसी )।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क के पिता इरॉल मस्क बुधवार को अयोध्या पहुंचे। वे दिल्ली से प्राइवेट जेट से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ बेटी एलेक्जेंड्रा मस्क, मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा समेत 16 लोग आए थे। कुर्ता-पायजामा पहने इरॉल मस्क एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचे। वहां दर्शन-पूजन किया। करीब 40 मिनट तक



राम मंदिर में रुके। इस दौरान राम मंदिर के बारे में जानकारी ली। ट्रस्ट के लोगों ने इरॉल को रामलला का प्रसाद भेंट किया। इसके बाद इरॉल मस्क हनुमानगढ़ी पहुंचे। दर्शन-पूजन कर परिक्रमा की। संकटमोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास और हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने उनको रामनामी पटका और हनुमानजी का चित्र भेंट दिया। इरॉल मस्क और उनकी बेटी एलेक्जेंड्रा को गुलाब का माला पहनाई गई। हनुमानजी का तिलक लगाया गया। वह करीब 30 मिनट तक हनुमानगढ़ी में रहे। इस दौरान संत-महंतों से बात की। फिर इरॉल मस्क अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हो गए।

## राहुल गांधी की कांग्रेसी नेताओं को दो-टूक

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को (4 जून) हरियाणा दौरे पर रहे। उन्होंने करीब 3 घंटे तक चंडीगढ़ में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत राज्य के नेताओं और ऑब्जर्वरों की मीटिंग ली।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने बैठक में नेताओं को दो-टूक में कहा कि संगठन बनाने में किसी नेता की सिफारिश नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि गुटबाजी से पार्टी को नुकसान सहन नहीं होगा। उधर, प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने कहा 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बना लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि काम के बीच गुटबाजी नहीं आनी चाहिए। ऐसा होता है तो एक्शन लिया जाएगा।

**1. 30 जून से पहले जिला अध्यक्ष बनाएंगे**

प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद ने मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि गुजरात से संगठन सृजन अभियान शुरू हुआ है।

## वैन पर पलटा सीमेंट से भरा ट्रॉला, 9 की मौत

आलीराजपुर/झाबुआ (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के झाबुआ में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सीमेंट से भरा ट्रॉले ने पहले ईको वैन को टक्कर मारी, फिर घसीटते हुए ले गया और वैन पर पलट गया। वैन सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 5 साल के बच्चे समेत दो गंभीर घायल हैं। हादसा भावपुरा गांव के पास कल्याणपुरा में हुआ। इनमें 4 बच्चे, 3 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया है। मृतकों में मुकेश खपेड़ (40), उनकी पत्नी सावली (35), बेटा विनोद (16), बेटी पायल (12), मढ़ी बमनिया (38), विजय बामनीय (14), कांता बमनिया (14), रागिनी बमनिया (9) और अकली परमार (35) शामिल हैं। हादसे में पायल परमार (19) और 5 वर्षीय आशु बमनिया घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, वैन में सवार सभी लोग मेघनगर तहसील के शिवगढ़ महुड़ा के रहने वाले थे। थांदला और मेघनगर पुलिस टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। घायलों और मृतकों को थांदला सिविल अस्पताल और मेघनगर



अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा- झाबुआ में हुए हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। झाबुआ के एसपी पदम विलोचन शुक्ला ने बताया, मेघनगर के पास सीमेंट से भरा ट्रॉला पलटकर ईको वैन पर गिर गया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, दो घायल हैं।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है।

सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के %स्पेशल सेशन% की मांग के बीच की है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है। इंडिया गठबंधन के 17 दलों ने 3 जून को नई दिल्ली में बैठक की। इसमें स्पेशल सेशन बुलाने के लिए पीएम मोदी को लेटर



लिखा। मोदी सरकार 3.0 और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र होगा। रिजिजू बोले- पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार रिजिजू ने कहा- सरकार का कहना है कि संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान विपक्ष अगर नियमों के तहत चर्चा की मांग करता है, तो हम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। आगामी सत्र के दौरान सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की भी तैयारी में हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर किरेन रिजिजू ने कहा, जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है। इसमें किसी भी तरह की राजनीति की गुंजाइश नहीं है।

उन्होंने कहा था कि मैं सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बना रहा हूं। इसके लिए मैंने प्रमुख नेताओं के साथ चर्चा शुरू कर दी है। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे

## धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अब दूसरी बार घर बसाने की तैयारी में लगते हैं। धवन ने हाल ही में 69 करोड़ का एक अपार्टमेंट भी लिया है जिससे इन अटकलों को बल मिलता है। आयशा मुखर्जी से तलाके बाद आजकल शिखर धवन आजकल आयलैंड की सोफी शाइन के साथ रिलेशनशिप में हैं। धवन को कई जगहों पर सोफी के साथ देखा गया था। शुरुआत में उन्होंने अपनी रिलेशिप को जाहिर नहीं किया था पर हाल ही मैं उन्होंने अफेयर की बात मानी है। धवन ने अपनी गर्लफ्रेंड सोफी के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें धवन समंदर किनारे अपनी सोफी का जन्मदिन मनाते दिख रहे हैं। धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सोफी के साथ एक रिजॉर्ट से तस्वीरें शेयर की हैं। शिखर और सोफी की तस्वीरों पर प्रशंसकों ने तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कई प्रशंसकों ने सोफी को हैप्पी बर्थडे भाभीजी कहकर बधाई दी है। धवन की पोस्ट पर बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने भी सोफी को बर्थडे विश करते हुए लिखा, 'हैप्पी बर्थडे ब्यूटीफुल।' वहीं सोफी शाइन ने इस कमेंट के रिप्लाई में जैकलीन को जवाब देते हुए कहा, 'थैंक्यू एंज।'धवन ने अपने पोस्ट के साथ लोकेशन शेयर नहीं की थी पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करके उनकी इस जगह का खुलासा कर दिया है।

## विराट की भूमिका निभाना चाहते थे शाहरुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। विराट ने पहले ही टी20 से संन्यास ले लिया था और अब वह केवल एकदिवसीय खेलते हैं। विराट की फिटनेस ओर उसके खेल के प्रशंसक भारत ही नहीं दुनिया भर मे हैं। बॉलीवुड अभिनेता और आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान भी विराट के एक बड़े प्रशंसक हैं। शाहरुख का एक पुराना बयान वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह फिल्म में विराट की भूमिका निभाना चाहेंगे। शाहरुख एक ऐसे अभिनेता तो अपने को भूमिका में पूरी तरह से ढ़ाल लेते हैं। शाहरुख स्पोर्ट्स ड्रामा भी कर चुके हैं। साल

2017 में 'जब हैरी मेट सेजल' के प्रोमोशनल इवेंट में जब उन्से पू छा गया था कि अगर उन्हें किसी क्रिकेटर का रोल निभाना हो तो वे किसे चुनेंगे। तब उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा था 'विराट कोहली।' तब शाहरुख ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं कोहली की तरह जुनून से भरा खिलाड़ी बनना चाहूंगा। उनकी एनर्जी और दबाव में शानदार प्रदर्शन करने की क्षमता मुझे हैरान करती है।' यह सुनकर फिल्म की हीरोइन और तब विराट की गर्लफ्रेंड रहीं अनुष्का शर्मा ने मजेदार अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ' इसके लिए आपको दाढ़ी तो बढ़ानी पड़ेगी।' इस पर शाहरुख ने अपने अंदाज में जवाब दिया, मैंने 'हैरी मेट सेजल' में दाढ़ी रखी थी न! मैं तो बिल्कुल विराट जैसा लग रहा था।. 'इस जवाब से वहां सभी लोग हंसने लगे थे।

## भारतीयों की मालिकाना हक वाली विदेशी टी-20 टीमों में पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भरमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों पर रोक लगा रखी है। न सिर्फ द्विपक्षीय श्रृंखलाएं रुकी हैं, बल्कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके पीछे मुख्य कारण पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी गतिविधियां हैं, जिनके चलते भारतीय जनभावनाएं भी इसी दिशा में दृढ़ रही हैं। हालांकि, इसी दौरान एक विरोधाभासी तस्वीर विदेशी टी-20 लीगों में देखने को मिल रही है, जहां भारतीय उद्यमियों और कंपनियों के स्वामित्व वाली टीमों में पाकिस्तानी या पाक मूल के खिलाड़ियों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी जा रही है। संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रही टी-20 लीग प्रतियोगिताओं में कई ऐसी टीमें हैं जिनके मालिक भारतीय हैं, लेकिन उनके खिलाड़ी पाकिस्तानी हैं। इनमें रिलायंस समूह, अदाणी समूह, कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान, और यहां तक कि माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नाडेला तक शामिल हैं। इन टीमों में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो कभी पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं। या फिर हाल ही में दूसरे देशों की नागरिकता लेकर वहां की लीगों में खेल रहे हैं।

# इस दिन होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के विवाद के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को ये घोषणा की। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले ये प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से मंजूरी मिली हुई है। टूर्नामेंट में विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी शामिल होंगे और नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। वहीं आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में उपलब्ध है।




## जीत के बाद कोहली ने किया वादा, बेंगलुरु में गूंजेगा आईपीएल की ट्रॉफी का जश्न

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ऐतिहासिक थी। 18 साल के लंबे इंतजार के बाद आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। इस जीत के हीरो और आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने इस खास पल को अपने पूर्व साथियों, एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल को समर्पित किया।

उनकी आंखों में आंसू थे, और दिल में एक ऐसी भावना थी जो हर आरसीबी फैंस के दिल को छू गई। विराट ने भावुक होकर कहा कि, हमारी टीम में इतनी प्रतिभा थी, इतनी आक्रामकता थी लेकिन हम कभी उस आखिरी लाइन को



पार नहीं कर पाए। हम सबके दिल में ये दर्द था, क्योंकि हमने इस फ्रेंचाइजी को अपने जीवन के सुनहरे साल दिए। मैं, एबी और क्रिस हमने आरसीबी के लिए अपना दिल और आत्मा झोंक दी थी। आज ये जीत 10 गुना ज्यादा खास है, क्योंकि ये दोनों आज यहां हमारे साथ हैं।

साथ ही कोहली ने कहा कि जब हम बेंगलुरु पहुंचेंगे तब इस जीत का आरसीबी जश्न शहर के साथ मनाएंगे। विराट कोहली ने कहा कि, और उनकी आवाज में गर्व और जोश की चमक साफ झलक रहा था। किंग कोहली जब ड्रेसिंग रूप में दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के साथ दाखिल हुए तो माहौल में एक अलग ही उमंग था।

उन्होंने आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी बेहतरीन नेतृत्व क्षमता ने टीम को एकजुट किया। रजत ने न सिर्फ रणनीति बनाई, बल्कि मैदान पर हर खिलाड़ी को प्रेरित कर इस ऐतिहासिक पहली ट्रॉफी तक पहुंचाया। कोहली का चेहरा गर्व से चमक रहा था जैसे वो कह रहे हों ये जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं बल्कि बेंगलुरु के सपनों का उत्सव है।

## आईपीएल में अब तक किस-किसने किया है ऑरेंज कैप और पर्पल कैप पर कब्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स की हार के बाद टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि भावुक विराट कोहली को नम आंखों के साथ घुटनों के बल बैठना दिखाता है कि पिछले 18 वर्षों से वह आईपीएल खिताब के लिए कितना बेकरार थे और ये टूर्नामेंट जीतना खिलाड़ियों के लिए कितना मायने रखता है। बता दें कि, कोहली मंगलवार को आईपीएल फाइनल के आखिरी पलों अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। उनकी टीम आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर 2008 में शुरू हुई इस लीग का खिताब पहली बार जीता।

पोंटिंग ने फाइनल के बाद कहा कि, आप आखिरी ओवर में उनकी आंखों में देख सकते हैं उनकी आंखों से आंसू आ रहे थे। खिलाड़ियों के लिए इसका यही मतलब है कि सभी के लिए इसका यही मतलब है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कई बार खिताब जीता है मुंबई ने भी कई बार लेकिन इस टूर्नामेंट को जीतना आसान नहीं है। ये उनता ही कठिन है जितना आप सोच सकते हैं। इस लीग का चैंपियन बनना काफी मुश्किल है।


कोहली ने चैंपियन बनने के बाद युवा क्रिकेटर से टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करने की सलाह देते हुए कहा था कि खेल का पारंपरिक प्रारूप सर्वोपरि है। पोंटिंग ने अपना खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि वह समझ सकते हैं कि कोहली का क्या मतलब था। कोहली ने प्रसारकों से कहा कि, मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से एक है। लेकिन फिर भी ये टेस्ट क्रिकेट से पंच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतना इज्जत है। उन्होंने कहा कि, मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगे तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे।

## ट्रैफिक जाम के कारण साइकिल से स्टेडियम तक पहुंचे इंग्लैंड के खिलाड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंगलवार, 3 जून को क्रिकेट इतिहास में ऐसा कुछ हुआ जिसे देखकर हर कोई हैरान है। दरअसल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीनों मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जून को लंदन के द ओवल मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले के लिए टॉस में 40 मिनट की देरी हुई। जिसका कारण ट्रैफिक जाम था। टॉस में देरी की वजह गीली आउटफील्ड या बारिश नहीं थी, बल्कि ट्रैफिक जाम रहा। बता दें कि, लंदन के ट्रैफिक में वेस्टइंडीज की टीम फंस गई और वह टॉस से पहले स्टेडियम में नहीं पहुंची। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी टेम्स नदी के उत्तर इलाके में हैवी ट्रैफिक में फंसे थे। जमा से बचने के लिए इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों ने साइकिल का सहारा लिया और वो समय पहले स्टेडियम में पहुंच चुके थे। हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जोस, मैथ्यू पॉट्स जैसे खिलाड़ियों ने अपनी टीम बस छोड़ दी और स्टेडियम तक पहुंचने के लिए लाइम साइकिल का इस्तेमाल किया।

# बिहार के राजगीर में तेजी से बन रहा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना में राजगीर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का काम तेजी से चला रहा है। इससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मैचों के आयोजन के साथ-साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी। ये स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। इसमें अत्याधुनिक हाई मास्ट लाइट, साउंड सिस्टम, वाटर सप्लाई, फायर अलार्म, फायर फाइटिंग सिस्टल भी लगाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेडियम में लाल मिट्टी से बनाई जा रही 6 क्रिकेट पिचों का कार्य पूरा हो गया है। पिच पर घास लगाने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। काली मिट्टी से 7 क्रिकेट पिच बनाई गई है। पिच पर घास लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा जनरल स्टैंड ईस्ट, जनरल स्टैंड वेस्ट तथा रिवर्स पवेलियन का सिविल वर्क भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। सिविल वर्क के साथ ही फिनिशिंग वर्क भी किया जा रहा है। क्रिकेट स्टेडियम में मुख्य पवेलियन का कार्य पूरा हो गया है। इस काम देख रही कंपनी के अनुसार अगले दो महीने में क्रिकेट स्टेडियम को मैच के लिए तैयार कर लिया जाएगा। वहीं जिला प्रशसन की ओर से कहा गया है कि समय समय सीम में इस काम को पूरा करने के आदेश दिये गये हैं। साथ ही कहा कि उन्होंने कहा कि सभी मानकों को ध्यान में रखकर कार्य पूर्ण किये जाने की शर्त रखी गयी है। मैदान पर घास लगाने का कार्य शुरू हो गया है, जिसे जल्द पूर्ण करने के लिए कहा गया है। बारिश होने पर मैदान से पानी निकासी हेतु ड्रेनेज प्रणाली विकसित की गई है। मैदान के बाहरी एरिया को विकसित करने के लिए समुचित निदेश दिया गया। इस स्टेडियम का निर्माण 72843 वर्गमीटर भूखण्ड पर किया जा रहा है जिसमें 40,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। स्टेडियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। जिसमें खिलाड़ियों के लिए विशेष पवेलियन, कोच और मैनेजर के लिए बैठने की विशिष्ट व्यवस्था, वीवीआईपी अतिथियों के लिए विशेष स्टैंड शामिल होगा।

# आरसीबी पर हुई करोड़ों रुपये की बारिश, कटेगा इतना टैक्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीत लिया है। बेंगलुरु ने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को हरकार ट्रॉफी अपने नाम की। बेंगलुरु की टीम को आईपीएल विजेता बनने पर प्राइज मनी में 20 करोड़ रुपये मिले हैं।

आईपीएल की विजेता टीम को पूरी राशि नहीं मिलती, बल्कि इस पर जो टैक्स लगता है उसके हिसाब से ही रकम मिलती है। आरसीबी को भी आईपीएल की प्राइज मनी के 14 करोड़ रुपये टीम को मिलेंगे। प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स आईपीएल में रनर-अप रही। इस टीम को प्राइज मनी में 13 करोड़ रुपये मिले हैं। इस पर भी विनिंग टीम की तरह ही 30 फीसदी का टैक्स लगेगा। जिसके मुताबिक इस टीम को 3.90 करोड़ रुपये टैक्स के भरने होंगे। वहीं पंजाब की टीम को प्राइज मनी के 9 करोड़ 10 लाख रुपये हाथ में मिलेंगे। आईपीएल 2025 समाप्त हो गया है, बेंगलुरु ने पंजाब को



फाइनल मुकाबले में 6 रनों से मात दी। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इसके जवाब में बेंगलुरु ने 191 रनों का लक्ष्य पंजाब किंग्स के सामने रखा, जिसे श्रेयस अय्यर की टीम हासिल नहीं कर पाई और रजत पाटीदार की कप्तान में आरसीबी ने आईपीएल कप जीत लिया। पाटीदार ने कहा कि पूरी टीम विराट कोहली के लिए ये टूर्नामेंट जीतना चाहती थी। विराट ने आरसीबी जीत पर जश्न मनाया और आखिरी ओवर में टीम को जीतता देख उनकी आंखें नम हो गईं और आंसू बहने लगे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा-

# लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को रक्षाबंधन में मिलेगा बढ़ी हुई राशि का उपहार



### सीएम की घोषणायें

- चित्रकूट में रामलोक के निर्माण के साथ कामतानाथ परिक्रमा पथ का होगा विकास - मुख्यमंत्री
- रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पहुंचाएंगे पानी
- किसानों को सिंचाई के लिए 5 रुपए में देंगे बिजली का कनेक्शन
- अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से दिलाएंगे मुक्ति
- मुख्यमंत्री ने जनपद गंगेव के भवन निर्माण, हिनौती गौधाम में बांध निर्माण तथा सड़क निर्माण की घोषणा की
- मुख्यमंत्री ने देवास हाई स्कूल के उन्नयन, मनगवां में स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की
- मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव स्टेडियम में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रीवा की धरती में बहनों का अभिनंदन करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़कर 3000 रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत परिसंपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला स्वसहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। विंध्य क्षेत्र में रेडीमेड कपड़े बनाने के लिए ट्रेनिंग सेंटर शुरू किया गया है। जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। यहां प्रशिक्षण प्राप्त करके महिलाएं हर महीने कम से कम 13000 रुपए की आय प्राप्त करेंगी। महिलाओं का जीवन बेहतर होगा तो पूरे परिवार का जीवन बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। हम किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे। अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएंगे। किसान सोलर से प्राप्त बिजली का अपने घर में उपयोग करेंगे। अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीद कर किसानों को पैसा देगी। समारोह में मुख्यमंत्री ने जनपद पंचायत गंगेव के भवन निर्माण तथा हिनौती गौधाम में बांध निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां में स्टेडियम निर्माण तथा देवास हाई स्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां तिवनी मोड़ से प्रयागराज रोड तक टू लेन सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। इस 5.5 किलोमीटर सड़क की लागत 16.5 करोड़ रुपए है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से मेरा दोहरा और मीठा नाता है। रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध हैं। आज रीवा में महानगरों की तरह आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस साल यूपीएससी की परीक्षा में प्रदेश के 60 उम्मीदवारों को सफलता मिली है जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के साथ-साथ दूध उत्पादन के लिए भी विशेष प्रयास करेंगे। वर्तमान में देश के 9 प्रतिशत दूध का उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है। इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे। इसके लिए गौपालन करने वालों को अनुदान देंगे तथा सरकार दूध खरीद कर पशुपालकों को लाभान्वित करेगी। मध्यप्रदेश को दूध की राजधानी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारा और आतंकवादी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया। अब जो भी देश की ओर नजर उठाएगा उसको कड़ा जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। 2003 में प्रदेश मंत पांच मेडिकल कॉलेज थे। आज 27 मेडिकल कॉलेज हैं। और तीन शीघ्र बनने वाले हैं। 2003 में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 11000 रुपए थी जो अब बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। प्रदेश भर में सांदीपनि विद्यालय आधुनिक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं में परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहे। इनमें सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में मेरिट में स्थान बनाया।

समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि आज मनगवां विधानसभा क्षेत्र को लगभग 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। मनगवां विधायक प्रजापति ने अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए हैं जिसके परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी सरपट दौड़ती रहेगी। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र को 6 लेन ओवरब्रिज और हिनौती गोधाम की सौगात दी है। इसके साथ-साथ कई निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी गई है। नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना से इस पूरे क्षेत्र के साथ-साथ त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में भी सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी। मुख्यमंत्री जी ने लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को हर माह राशि जारी करके आर्थिक स्वाबलंबन का अवसर दिया है। सम्मेलन में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक मनगवां ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र को कई सौगातें दी हैं। उन्होंने मनगवां विधानसभा क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने, कन्या महाविद्यालय खोलने, खर्रा में कॉलेज खोलने, देवास हाई स्कूल के उन्नयन, गंगेव को तहसील बनाने, हर्दी में स्विमिंग पूल बनाने, हिनौती गौधाम में बांध बनाने सहित क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न मांगे रखी।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में महिलाओं पर पुष्प वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में रिमोट बटन दबाकर 49 करोड़ 97 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री जी ने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को हितलाभ वितरित किये। समारोह में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, पूर्व विधायक डॉ पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक पन्नाबाई, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ अजय सिंह, राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्रा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, कलेक्टर प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, पत्रकारगण तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर किया वृक्षारोपण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव स्टेडियम में विशाल महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन से मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य रोपित करके देखभाल कर उसे बड़ा बनाएं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बरैया तालाब के किनारे प्राचीन बम्बा देवी तथा काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति तथा अन्य जनप्रतिनधिगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र को दी 49.97 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात

### मुख्यमंत्री ने महिला सम्मेलन में किया 49.97 करोड़ के निर्माण का लोकार्पण और शिलान्यास



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र को 49 करोड़ 97 लाख रुपए के कार्यों की सौगात दी। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा हजारों महिलाएं उपस्थित रहीं।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 29 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत के 6 निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र में 6 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे 10 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का शिलान्यास किया। इनमें उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन भदावल, छत्रगढ़, कोट, हकरिया, अमहा, बेलवा पैकान, घोपी, जोरौट, परासी तथा रक्सामाजन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 6 करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 11 अमृत सरोवरों का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक करोड़ पाँच लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 7 सामुदायिक पार्क और एक करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले 5 सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाली जोधपुर नम्बर एक से मुरली पहुंचमार्ग और 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगेव के 50 बिस्तरीय भवन निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 20 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत के 2 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मनगवां विधानसभा क्षेत्र में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक सात के तिवनी जंक्शन मनगवां में भूतल परिवहन मंत्रालय के ईपीसी योजना अन्तर्गत छह लेन के ओव्हर ब्रिज का लोकार्पण किया। इसका निर्माण में 14 करोड़ 85 लाख रुपए में कराया गया है। मनगवां में 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया है। इसके उन्नयन में 5 करोड़ 73 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री इन इसका भी लोकार्पण कर आमजनता को सौगात दी।

## नशीली कफ सीरप तस्करी में स्कूल संचालक गिरफ्तार



### सतना में 810 शीशी नशीली दवा जब्त, कार-बाइक समेत 7.32 लाख का माल बरामद

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में बड़ी कार्रवाई की है। कोलगवां थाना पुलिस ने घूरडांग बिरला फैक्ट्री के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 810 शीशी प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद की है। जब्त सामग्री और वाहनों की कुल कीमत 7 लाख 32 हजार रुपए है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नीली बलेनो कार और एक मोटरसाइकिल से यह बरामदगी की।

**चित्रकूट के राधे मेडिकल से खरीदकर लाए:** गिरफ्तार आरोपियों में संचिन साकेत (25) और एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल हैं। संचिन मैनपुरा थाना कोटर का रहने वाला है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे यह कफ सीरप चित्रकूट के राधे मेडिकल से खरीदकर लाए थे। संचिन बेलहटा पंचायत में कृष्णा पब्लिक स्कूल चलाता है। उतैली बाईपास में उसका एक कियोस्क सेंटर और एमपी ऑनलाइन की दुकान भी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## तीन बदमाशों ने चाकू मारकर दुकानदार से मोबाइल-नकदी लूटा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र के टिकुरिया टोला में मंगलवार देर रात तीन बाइक सवार बदमाशों ने एक दुकानदार को चाकू मारकर लूट लिया। घायल को राहगीरों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।पुलिस के अनुसार नजीराबाद निवासी अफसर आलम उर्फ सद्दाम (30) रीवा रोड पर गहिरा नाला के पास बिरयानी की दुकान चलाता है। मंगलवार रात साढ़े 12 बजे वह स्कूटी से घर जा रहा था। बाईपास से टिकुरिया टोला की तरफ मुड़ते ही तीन बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया।

इसके बाद एक बदमाश ने उसके सीने में चाकू मारा, जबकि दो अन्य ने उसका मोबाइल और दुकान की दिन भर की कमाई के 10 हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। इसके बाद राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बुधवार दोपहर कोलगवां थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पार्षद के धरने से गरमाई सतना नगर निगम की बैठक



### सतना में भाजपा पार्षद जमीन पर बैठीं, विकास कार्यों को लेकर भेदभाव का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगर निगम के सामान्य सम्मेलन की बैठक बुधवार को निगम परिसर के कांफ्रेंस हॉल में हुई। बैठक में कांग्रेस के सभी विपक्षी पार्षद अनुपस्थित रहे। वहीं सत्तापक्ष और निर्दलीय पार्षदों के बीच विकास कार्यों को लेकर तीखी बहस और विरोध देखने को मिला। इसी बीच एक महिला पार्षद बैठक स्थल पर धरने पर बैठ गईं।

वार्ड-1 की निर्दलीय पार्षद मीना माधव ने अपने वार्ड में विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बैठक का एजेंडा सिर्फ नामकरण तक सीमित कर दिया गया है। अध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी ने उन्हें एजेंडे पर बात करने को कहा, जिस पर सत्तापक्ष के पार्षदों से तीखी बहस हो गई। करीब आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा, फिर मामला शांत हुआ।

**सत्ता पक्ष की पार्षद ने धरना दिया:** वार्ड-44 की भाजपा पार्षद अर्चना गुप्ता ने अपने वार्ड के लंबित कामों की सूची लेकर अध्यक्ष की आसंदी तक पहुंचकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होते समय किए गए वादे पूरे नहीं हुए। नाराज होकर वह बैठक स्थल पर धरने पर बैठ गईं। महापौर योगेश ताम्रकार ने समझाइश दी, जिसके बाद वह अपने स्थान पर लौट आईं।

**स्ट्रीट लाइट की जांच होगी:** वार्ड-3 के पार्षद अभिषेक तिवारी ने स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्हें 'चाइना मेड' बताया। इस पर अध्यक्ष ने तीन पार्षदों की जांच समिति बनाने की घोषणा की। अभिषेक तिवारी ने तालाबों के संरक्षण का मुद्दा भी उठाया।

### पास हुए नामकरण के प्रस्ताव

- बैठक में कई जगहों के नाम बदलने के प्रस्ताव पारित किए गए
- हवाई अड्डा तिराहा अब सहस्त्रबाहु तिराहा कहलाएगा।
- कोलगवां गली नं. 1, 2 और 3 का नाम स्व. लक्ष्मी यादव के नाम पर।
- वार्ड क्रमांक 16 का नाम अंबेडकर नगर।
- मैत्री पार्क से उतैली की ओर जाने वाली सड़क का नाम नेताजी दयानंद कुशवाह के नाम। पर।
- टिकुरिया टोला टंकी चौराहा का नाम महर्षि कश्यप ऋषि के नाम पर।
- पुष्पराज कॉलोनी का पुष्कर्णी पार्क अब आचार्य दिगंबर उद्यान कहलाएगा।
- नगर निगम की अगली बैठक में इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन को लेकर निर्णय लिया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।